दिनमान — सूर्योदय 6.03 | सूर्यास्त 4.52
तापमान — अधिकतम 27° | न्यूनतम 16°

वर्ष 18, अंक 170 पृष्ठ 8
कोलकाता, शुक्रवार, 5 दिसम्बर, 2025
पौष, कृष्णपक्ष, प्रतिपदा, वि.सं. 2082
मूल्य: ₹3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण www.yuvashaktinews.com



## भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे पुतिन

# भारत और रूस के बीच होंगे कई अहम समझौते

### प्रोटोकॉल तोड़कर पीएम मोदी ने हवाईअड्डे पर किया स्वागत ● चार साल के अंतराल के बाद भारत पहुंचे हैं पुतिन

**नई दिल्ली:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली पहुंच गए हैं. वे दिल्ली में पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. यह यात्रा केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत-रूस संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है. उनकी यह दो दिवसीय यात्रा काफी अहम और व्यस्त रहने वाली है. वे पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे. पीएम मोदी ने खुद पुतिन को पालम हवाई अड्डे पर रिसीव किया. वह 4 और 5 दिसंबर को भारत के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे. इस दौरान पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. बता दें कि रूसी राष्ट्रपति चार साल के अंतराल के बाद भारत पहुंचे हैं. वे आखिरी बार भारत 2021 में भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने आए थे. हालांकि पुतिन का इस बार का भारत दौरा पिछली यात्रा के मुकाबले काफी अहम माना जा रहा है. भारत और रूस के बीच हर साल शिखर वार्ता होती है. अब तक दोनों देशों के बीच 22 वार्ताएं हो चुकी हैं. पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी मॉस्को गए थे, जबकि पुतिन आखिरी बार 2021 में भारत आए थे. दिसंबर 2021 में हुआ पुतिन का दौरा मात्र कुछ ही घंटों का था. लेकिन इस बार पुतिन भारत के दो दिन रहेंगे.

पीएम मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद पीएम मोदी के न्योते पर पुतिन निजी रात्रिभोज में शामिल हुए. भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा. इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे. इसके बाद वे हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में शामिल होंगे. बता दें कि प्रतिनिधिमंडलों की बैठक में कुछ प्रमुख उद्योगपति भी शामिल हो सकते हैं.

शुक्रवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन भारत-रूस



बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगे.इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर पुतिन राष्ट्रपति भवन में भोज में शामिल होंगे. इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को के लिए रवाना होंगे. अब चार साल बाद हो रही राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को रूसी तेल, मिसाइल सिस्टम और लड़ाकू विमानों की अधिक बिक्री के लिए तैयार करना है. खासतौर पर ऐसे समय में जब अमेरिका के दबाव के कारण ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते प्रभावित हुए हैं. इस बार पुतिन के साथ रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसॉव समेत उद्योग और कारोबारी जगत का बड़ा प्रतिनिधिमंडल होगा. विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत-रूस के विशेष संबंधों को फिर से मजबूत करने का अवसर है और कुछ नए रक्षा सौदों की उम्मीद भी है.

दोनों देशों के अधिकारी पुतिन की यात्रा से पहले रक्षा, कृषि, शिपिंग और मुक्त व्यापार जैसे मुद्दों पर बातचीत कर चुके हैं. रूस भारत के साथ नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग भी बढ़ाना चाहता है. पुतिन के साथ भारत आ रहे रूसी प्रतिनिधिमंडल में देश के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और हथियार निर्यातक रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के प्रमुख भी शामिल हैं.

स्बेरबैंक भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में रुपये के माध्यम से निवेश करने में रुचि दिखा रहा है. रूस चाहता है कि भारत उसकी तेल कंपनियों को तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति में मदद करे, क्योंकि प्रतिबंधों के चलते कई आपूर्तिकर्ता उपलब्ध नहीं हैं. जबकि भारत रूस के सखालिन-1 प्रोजेक्ट में अपनी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बहाल कराने की कोशिश कर सकता है.

### किस रास्ते भारत पहुंचे पुतिन

#### अंतरराष्ट्रीय अदालत ने जारी किया है गिरफ्तारी वारंट

**मॉस्को:** पुतिन के भारत दौरे को काफी अहम माना जा रहा है. यह दौरा भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के बीच हो रहा है पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है. वहीं, मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया हुआ है. ऐसे में सवाल उठता है कि पुतिन आखिर किस रास्ते से भारत पहुंचे हैं. फ्लाइट डाटा24 के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष विमान लूसिन खश्र-96-300 (कॉल साइन आरएसडी 369) ने मॉस्को के जुकोवस्की अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी. इस विमान का संचालन रूस की स्पेशल फ्लाइट स्क्वाड्रन करती है. मॉस्को से उड़ान भरने के बाद आरएसडी 369 विमान ने कजाकिस्तान में प्रवेश किया. इसके बाद से रूसी राष्ट्रपति के विमान ने कैस्पियन सागर के ऊपर से उड़ान भरते हुए तुर्कमेनिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया. इसके बाद रूसी राष्ट्रपति का विमान अफगानिस्तान के ऊपर से उड़ान भरते हुए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजरा.

#### एसआईआर के खिलाफ सीएम ममता का विरोध जारी

## एनआरसी की इजाजत नहीं दूंगी, भले कोई गर्दन ही क्यों न काट दे

**देश में एसआईआर की वजह से मृतकों में आधे से ज्यादा हिंदू**

**ममता ने वक्फ की अटकलों को किया खारिज**

**कहा, मैंने अपना गणना फॉर्म भी अभी तक नहीं भरा**



**मुर्शिदाबाद:** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने यह भी दोहराया कि वह बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) या निरुद्ध केंद्र की इजाजत कभी नहीं देगी चाहे, उनकी गर्दन ही क्यों न काट दी जाए. उन्होंने कहा, भाजपा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर धार्मिक राजनीति कर रही है. गुरुवार को एसआईआर को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि देशभर में इस कवायद से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा लोग हिंदू हैं. मुख्यमंत्री ने भाजपा को आगाह करते हुए कहा कि वह उसी डाल को काट रही है, जिस पर बैठी है.

बनर्जी ने अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले में एसआईआर विरोधी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले धार्मिक राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया. एसआईआर से जुड़ी घटनाओं में जिन लोगों की मौत हुई उनमें आधे से ज्यादा हिंदू थे. जिस शाखा पर बैठे हो उसे मत काटो. तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने ऐलान किया, मैं, बंगाल में एनआरसी या निरुद्ध केंद्र की इजाजत नहीं दूंगी. मेरी गर्दन भी क्यों न काट दी जाए, किसी को भी बेदखल नहीं किया जाएगा. बनर्जी ने कहा, वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा.

बनर्जी ने भ्रामक सूचनाओं के प्रसार की साज़िश को लेकर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कुछ समूह भूमि अभिलेखों में धार्मिक संपत्तियों को मस्जिद या कब्रगाह के रूप में दर्ज किए जाने को लेकर झूठ फैलाने में लगे हैं. उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों से कुछ असामाजिक तत्व अफ़वाह फैला रहे हैं कि राज्य सरकार ने कलेक्टर खातियान (भू अभिलेख) नंबर 1 के तहत धार्मिक स्थलों को मस्जिद या कब्रिस्तान के रूप में दर्ज किया है. यह झूठ है. मुख्यमंत्री ने कहा, हर धर्म में कुछ गद्दार होते हैं जो भाजपा का पैसा लेकर भ्रामक बातें फैलाते हैं. याद रखिए, अब एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का दुरुपयोग किया जा रहा है. मेरे चेहरे का इस्तेमाल उन बयानों के लिए किया जा रहा है, जो मैंने कभी दिए ही नहीं. नोटबंदी और भ्रष्टाचार से इन्होंने बहुत पैसा अर्जित किया है.

विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि उनकी सरकार ने केंद्र सरकार के निरंकुश रवैये के खिलाफ पश्चिम बंगाल विधानसभा में एक कानून पारित किया था, ताकि कोई भी जबरन वक्फ संपत्तियों पर कब्ज़ा न कर सके. उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा, हमारे आने से पहले 82 हज़ार वक्फ संपत्तियों की जानकारी केंद्रीय पोर्टल पर थी. हमने ऐसा नहीं किया. इस अवसर पर उन्होंने अल्पसंख्यक भाई-बहनों से अपील की कि वे सोशल मीडिया या एआई तकनीक के दुरुपयोग से फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न दें. मुख्यमंत्री ने संदेश दिया, आपकी सुरक्षा, आपकी संपत्ति और आपके धार्मिक स्थलों के सम्मान की रक्षा करना मेरी ज़िम्मेदारी है. झूठे प्रचार पर ध्यान न दें. बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में अवैध रूप से लोगों के घुसने को लेकर डर फैलाने की कोशिश कर रही है, जबकि यह स्वीकार नहीं करती कि सीमा पर इसे रोकना केंद्र की ज़िम्मेदारी है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया में अपना स्वयं का गणना फॉर्म अभी तक नहीं भरा है, यह लोगों के साथ एकजुटता का प्रतीक है.

## सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया

**इनमें 10 लाख का इनामी टॉप कमांडर वेल्ला भी शामिल**

**उनके अड्डे से हथियार एवं विस्फोटक सामग्री बरामद**

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है. जवानों ने 18 माओवादियों को मार गिराया है. इसमें टॉप कमांडर वेल्ला मोड़ियम भी शामिल है. उसके सिर 10 लाख का इनाम था.

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है. बुधवार से शुरू हुए ऑपरेशन में कुल 18 माओवादी मारे गए हैं. 12 माओवादियों के शव बुधवार को ही बरामद कर लिया गया था जबकि 6 माओवादियों को सर्चिंग के दौरान गुरुवार को मिले. एनकाउंटर में नक्सलियों का एक टॉप लीडर भी मारा गया है. सुरक्षाबल के जवानों ने इस पूरे मिशन को एक इनपुट के आधार पर शुरू किया था.

सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच थाना भैरमगढ़-नेमेड क्षेत्र के कचीलवार-पोटेनार में मुठभेड़ हुई थी. पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए 18 नक्सलियों मे से 16 की पहचान हो गई है जबकि 2 की पहचान बाकी है. 9 महिला माओवादी साहित कुल 18 माओवादी मारे गए हैं. मुठभेड़ स्थल पर



सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली है. जवानों को मौके से 4 नग एके 47, 1 नग एलएमजी, 4 नग 7.62 एसएलआर, 1 नग 5.56 इंसास, 2 नग .303 रायफल, 4 नग सिंगल शॉट रायफल और 2 नग बीजीएल लांचर मिली है. नक्सली इस मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों पर इन्हीं हथियारों से हमला कर रहे थे.

### यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम : पुतिन

**मॉस्को:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है. पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है. पुतिन का यह बयान मॉस्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है.

बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए. बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं. उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है. इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है.

### हाईकोर्ट ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त पदों पर नौकरी देने के फैसले को किया रद्द

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने उच्च प्राथमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षा में नौकरियां प्रदान करने के लिए अतिरिक्त रिक्तियां (अतिरिक्त पद) सृजित करने के राज्य के फैसले को रद्द कर दिया है. इसके परिणामस्वरूप, उच्च प्राथमिक व्यावसायिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षा में कुल 1,600 अतिरिक्त पदों के लिए व्यावसायिक शिक्षा में 750 और शारीरिक शिक्षा में 850 लोगों की नियुक्ति का फैसला रद्द कर दिया गया. गुरुवार को न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु ने इस संबंध में 2022 की दो अधिसूचनाओं को रद्द कर दिया. न्यायाधीश ने 24 नवंबर को मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था.न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु ने कहा कि 1,600 अतिरिक्त रिक्तियाँ सृजित करने का निर्णय गलत है. पैनल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस तरह अतिरिक्त रिक्तियाँ सृजित नहीं की जा सकतीं. प्रतीक्षा सूची से पैनल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस तरह नौकरियाँ नहीं दी जा सकतीं. राजनीतिक नैतिकता के सामने संवैधानिक नैतिकता कभी भी निरर्थक नहीं होती. अति-संख्यात्मक पदों पर नियुक्ति के निर्णय से जुड़े भ्रष्टाचार और सीबीआई जाँच के मुद्दों पर न्यायालय बाद में निर्णय देगा. इस मामले की अगली सुनवाई जनवरी में होगी.



स्कूल सेवा आयोग ने व्यावसायिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में योग्य उम्मीदवारों को नौकरी देने के लिए 2016 में लगभग 1,600 अतिरिक्त रिक्तियों या अतिरिक्त पदों का सृजन किया था. यह निर्णय कैबिनेट द्वारा लिया गया था. इन अतिरिक्त रिक्तियों के लिए 1,240 लोगों का एक पैनल भी बनाया गया था. लेकिन नौकरी चाहने वालों ने राज्य के इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में मामला दायर किया.इस बीच, नौकरी से वंचित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में एक और मामला दायर कर आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने भ्रष्ट लोगों को नौकरी देने के लिए ये अतिरिक्त पद सृजित किए हैं. वादियों का आरोप है कि स्कूल भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का एक हिस्सा व्यावसायिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षा में अतिरिक्त रिक्तियों (अतिरिक्त) का सृजन है. ये रिक्तियाँ ओएमआर में हेराफेरी करने और पैसे देकर नौकरी न पाने वाले अभ्यर्थियों को नौकरी दिलाने के लिए निकाली गईं.

### 100 फीसदी फॉर्म वापस आने वाले बूथों की तादाद और घटी

**2208 से घटकर 480, और अब सिर्फ 29**

**कोलकाता:** बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया में 100 फीसदी फॉर्म वापस आने वाले बूथों की संख्यार और घट गयी है। पहले ऐसे 2208 बूथों का पता चला था, जहां एक भी वोटर मृत, स्थीनांतरित या लापता नहीं था। इस चमत्काार के खबर बनते ही ऐसे बूथों की संख्याऐ 480 हो गयी और अब सिर्फ 29 है। हालांकि, इस मामले में भी अभी भी साउथ 24 परगना सबसे ऊपर है.




# हुमायूं कबीर टीएमसी से निलंबित, नई पार्टी बनायेंगे

**6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद शिलान्याजस पर अड़े थे ▶ 22 दिसंबर को नई पार्टी का एलान करेंगे कबीर ▶ कहा : मेरी हत्या भी करवा सकती हैं ममता ▶ 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी उनकी नयी पार्टी**

**मुर्शिदाबाद:** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने को लेकर छह दिसंबर को आयोजन का एलान करने वाले हुमायूं कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने निलंबित कर दिया है. अपने निलंबन को लेकर भरतपुर के विधायक हुमायूं ने भी टीएमसी को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि मैं कल ही पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा. अगर जरूरत पड़ी तो 22 दिसंबर को मैं नई पार्टी का एलान करुंगा. टीएमसी के कद्दावर नेता फिरहाद हकीम ने हुमायूं कबीर के निलंबन की जानकारी देते हुए कहा, हमने गौर किया कि मुर्शिदाबाद से आने वाले हमारे एक विधायक ने एलान किया है कि वे बाबरी मस्जिद बनाएंगे. आखिर अचानक बाबरी मस्जिद क्यों? हमने उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी. हमारी पार्टी के फैसले के मुताबिक, हम हुमायूं कबीर को निलंबित कर रहे हैं. कबीर ने कहा था कि 6 दिसंबर को जिले के बेलडांगा में मस्जिद की आधारशिला रखी जाएगी.फिरहाद हकीम ने आगे कहा कि यह पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है, खासकर तब जब पार्टी राज्य में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि कबीर की राजनीति सांप्रदायिक आधार पर चल रही थी, जिसके खिलाफ तृणमूल की स्पष्ट नीति है.

निलंबन की घोषणा के समय हुमायूं कबीर बेरहमपुर में उस मैदान में मौजूद थे, जहां बाद में सीएम ममता की रैली प्रस्तावित थी. कबीर ने अपने निलंबन को जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनकी नई पार्टी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में 294 में से 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. ..........................बंगाल के नगर मामलों और शहरी विकास मंत्री और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के मेयर फिरहाद हकीम ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने उनकी हालिया गतिविधियों के कारण यह फैसला लिया है, जिसमें धार्मिक जोश के साथ राजनीति की बू भी आ रही थी. इसको



तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन माना है. बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा करके उन्होंने असल में 1992 की असली बाबरी मस्जिद की कड़वी यादों को फिर से जगाने की कोशिश की है. हुमायूं की ऐसी गतिविधियां राज्य के सांप्रदायिक सद्भाव को नष्ट कर सकती हैं. बाबरी मस्जिद की घोषणा के पीछे भाजपा का हाथ है. भाजपा कबीर को आगे करके बांटने वाली राजनीति को हवा देने की कोशिश कर रही है. हुमायूं को अपने निलंबन की खबर मिलने के बाद गुरुवार को बहरमपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सभा स्थल से निकलते हुए देखा गया. कबीर ने कहा कि वह शुक्रवार को अपना इस्तीफा देंगे, लेकिन यह साफ नहीं किया कि वह पार्टी से इस्तीफा देंगे या विधायक पद से या दोनों से दे सकते हैं. कबीर ने ममता के खिलाफ भी जहर उगलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एक तरफ मंदिर बनवा रही हैं तो दूसरी तरफ मस्जिद निर्माण में बाधा डाल रही हैं. वह भाजपा व आरएसएस की मदद कर रही हैं. कबीर ने कहा कि ममता किसी से उनकी हत्या भी करवा सकती हैं. उन्होंने अपनी गिरफ्तारी की भी आशंका जताई.

कबीर ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1993 में कांग्रेस के साथ की थी. वह कांग्रेस छोडक़र टीएमसी में शामिल हुए. हुमायूं को तृणमूल से निलंबित करने की घटना कोई नई बात नहीं है. इससे पहले 2015 में उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया था. इसके बाद वह कांग्रेस में लौट आए. 2018 में वह भाजपा में शामिल हुए और 2019 में मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए. 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले वह फिर से तृणमूल में लौट आए. विवादित बयानों के चलते टीएमसी ने कई बार उन्हें कारण बताओ नोटिस भी दिया है.

कबीर ने आरोप लगाया कि वे मुख्यमंत्री और टीएमसी के धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर दोहरे रुख को उजागर करेंगे और कहा कि पार्टी अल्पसंख्यकों को बहकाती रही है. है.

# एसआईआर के बीच बड़ी संख्या में लौट रहे हैं बांग्लादेशी

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा



**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बीच भारत - बांग्लादेश सीमा पर हलचल तेज हो गई है. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर के आईजी मुकेश त्यागी ने बताया कि एसआईआर शुरू होने के बादबांग्लादेशी नागरिकों के अपने देश लौटने की प्रवृत्ति बढ़ गई है. बीते वर्ष भारत से कुल 47 बांग्लादेशी नागरिक लौटे थे, जबकि इस वर्ष पिछले तीन माह में ही 186 नागरिक वापस जा चुके हैं.

आईजी मुकेश त्यागी ने गुरुवार को कदमतला स्थित नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय में बीएसएफ के 61वें स्थापना दिवस पर संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा होने के बाद उत्तर 24 परगना के सीमा इलाकों से रोजाना बड़ी संख्या में लोग बांग्लादेश की ओर लौटते देखे गए हैं. कई लोगों ने स्वीकार किया है कि वे अवैध रूप से भारत आए थे और रोजगार की तलाश में घर छोड़ चुके थे. अब एसआईआर के माहौल में वे अपने देश वापस जाना चाहते हैं. कई लोगों ने इस पर कुछ भी कहने से इनकार किया.

आईजी ने बताया कि संवेदनशील चिकेन नेक या सिलिगुड़ी कॉरिडोर में सुरक्षा काफी बढ़ाई गई है. यहां सीमा के करीब 75 प्रतिशत हिस्से में नई अत्याधुनिक फेंसिंग और कैमरे लगाए जा चुके हैं. इसके अलावा अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी कर दी गई है.

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान, भारत की सुरक्षा संबंधी जानकारी हासिल करने के लिए पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (पीआईओ) का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन बीएसएफ पहले से सतर्क है. जवानों और अधिकारियों को पीआईओ की गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के लिए काउंसलिंग और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं. उनका दावा है कि पीआईओ की सक्रियता अब लगभग निष्क्रिय कर दी गई है.

मुकेश त्यागी के अनुसार जवानों को अज्ञात नंबर से आने वाली कॉल न उठाने, व्हाट्सऐप के अनजान ग्रुप में शामिल न होने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है.

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस तरह की कोशिशें लगातार करता है, लेकिन बीएसएफ इन्हें रोकने में सफल है.बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि सीमा पर नाइट विजन, बुलेट कैमरा और ड्रोन के जरिए निगरानी और मजबूत की गई है. पकड़े गए घुसपैठियों और तस्करों का पूरा डेटा जुटाने के लिए 'फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन बैंकिंग' शुरू की गई है. इससे दोबारा पकड़े जाने पर उनकी पूरी पृष्ठभूमि तुरंत पता लग सकेगी.पिछले एक वर्ष में बीएसएफ ने 8 करोड़ 50 लाख से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए हैं.

इस साल अब तक 152 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले किया गया है, जबकि 440 बांग्लादेशी और 11 अन्य देशों के अवैध घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है. सीमा सुरक्षा के लिए पंप एक्शन गन का इस्तेमाल बढ़ा है और कैमरों के माध्यम से निगरानी भी और मजबूत की गई है.

## किसानों को मिली आर्थिक राहत, एफपीओ से धान खरीद-बिक्री में बढ़ी पारदर्शिता



**बांकुड़ा** : बांकुड़ा जिले के पापरडांगा क्षेत्र में किसानों के लिए शुरू की गई सरकारी सहायक मूल्य पर धान खरीद व्यवस्था में इस बार एक अनोखी तस्वीर देखने को मिल रही है. कई किसान स्वयं ही एफपीओ के माध्यम से अपने धान की खरीद कर रहे हैं. किसान अपने उत्पादन को सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एफपीओ को बेच रहे हैं और फिर जरूरत के अनुसार वहीं से धान खरीद भी ले रहे हैं.

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, राज्य कृषि विपणन विभाग के तहत गठित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) ग्रामीण स्तर पर किसानों से सीधे धान खरीद रहा है. इसमें एफपीओ-तीन के माध्यम से धान जुड़ाव प्रक्रिया शुरू की गई है. पापरडांगा पंचायत क्षेत्र के कई गांवों में किसानों को सहायक मूल्य का लाभ देने के लिए खरीद केंद्र खोले गए हैं. समिति अध्यक्ष रमाकांत बागड़ी ने बताया कि इस वर्ष 155 क्विंटल धान की खरीद एफपीओ के माध्यम से की गई है.

किसानों का कहना है कि बाजार में धान की कीमत एमएसपी से कम होने के कारण वे सरकारी मूल्य पर धान बेचकर आर्थिक सुरक्षा पाने में सक्षम हुए हैं. कुछ किसान आवश्यकता पड़ने पर इसी धान को एफपीओ से दोबारा खरीद भी लेते हैं. इससे न केवल उन्हें उचित मूल्य मिलता है, बल्कि बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त होती है.कृषि अधिकारियों का कहना है कि एफपीओ मॉडल किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इससे किसानों को सरकारी निर्धारित समर्थन मूल्य सुनिश्चित हो रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है.

वहीं, कई जगह किसानों को सरकारी प्रक्रिया से जोड़ने के लिए स्थानीय स्तर पर रजिस्ट्रेशन कार्य भी चलाया जा रहा है.स्थानीय प्रशासन ने बताया कि एफपीओ के माध्यम से धान खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और किसान हितैषी बनाकर आगे भी विस्तारित की जाएगी, ताकि कोई भी किसान अपनी उपज को कम दाम में बेचने के लिए मजबूर न हो.

## समुद्र तट पर मिला विशालकाय शार्क

**पूर्व मेदिनीपुर** : तालसारी समुद्र तट पर गुरुवार को विशालकाय शार्क मिलने से सनसनी फैल गई. मछली को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी.प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह शार्क लगभग 30 फीट लंबा तथा 50 क्विंटल से अधिक वजनी है. समुद्र तट पर पड़े इस विशाल समुद्री जीव को देखने के लिए क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में जुट गए.सूचना मिलते ही उड़ीसा वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेर कर जांच प्रारंभ की.विशेषज्ञों के अनुसार इतने बड़े आकार की शार्क का इस तट पर मिलना अत्यंत दुर्लभ घटना है.वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस शार्क को वैज्ञानिक परीक्षण तथा संरक्षण के उद्देश्य से अपने संरक्षण में ले जाया जा रहा है. इस घटना ने समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को लेकर शोधकर्ताओं के बीच नई जिज्ञासा उत्पन्न कर दी है.इस अनोखी घटना के बाद तालसारी समुद्र तट पर उत्सुकता के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है.

## चेंगराबांधा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन में चेयरमैन बदली को लेकर बवाल, मौके पर पहुंची पुलिस

**कूचबिहार** : चेंगराबांधा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन में चुनाव समिति के चेयरमैन बदलने को लेकर गुरुवार को भारी तनाव फैल गया. मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को मौके पर पहुंचकर माहौल संभालना पड़ा.

बुधवार शाम चुनाव समिति के कुछ सदस्यों ने बैठक कर मौजूदा चेयरमैन अमरजीत राय को पद से हटाने और मजीद इस्लाम व चित्तगोपाल मंडल को संयुक्त चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया.

आरोप था कि अमरजीत राय चुनाव कराने में विफल रहे और एकछत्र शासन चला रहे थे. नए चेयरमैनों की ओर से 12 दिसंबर को चुनाव की तारीख भी तय की गई है. गुरुवार को अमरजीत राय के समर्थक और मजीद-चित्तगोपाल गुट चेंगराबांधा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पहुंच गए. वहां दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हुई. देखते ही देखते हाथापाई की स्थिति बन गई. सूचना मिलते ही मेखलीगंज थाने की पुलिस भारी संख्या में मौके पर पहुंची और दोनों गुटों को समझ कर स्थिति को



काबू में किया. फिलहाल इलाके में पुलिस की निगरानी जारी है.

अमरजीत राय ने कहा कि मैं ही चुनाव समिति का वैध चेयरमैन हूं. कल जिन लोगों ने पद की घोषणा की वह पूरी तरह अवैध है. मैंने इसकी जानकारी थाने को दी है और कोर्ट में भी मामला दायर करूंगा.

वहीं, मजीद इस्लाम ने कहा कि अमरजीत राय इतने दिनों से चेयरमैन रहते हुए भी चुनाव नहीं करा सके इसलिए उन्हें हटाया गया है. आज वे कार्यालय में आकर हिसाब मांगने लगे और पद पर बने रहने की कोशिश करते हुए विवाद पैदा कर रहे है. यदि वे कोर्ट जाएंगे तो हम भी कानूनी लड़ाई लड़ेंगे.मेखलीगंज के एसडीपीओ आशीष पी. सुब्बा ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है और शांति बनाए रखने के लिए लगातार गश्त कर रही है. अभी तक किसी पक्ष से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी.

## बागडोगरा से बेंगलुरु की उड़ान रद्द होने से यात्रियों में आक्रोश

**सिलीगुड़ी** : बागडोगरा एयरपोर्ट से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट दो दिनों से रद्द होने के कारण यात्रियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. बुधवार को दोपहर 12.30 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट की बोर्डिंग पूरी होने के बाद अचानक उसे कैंसल कर दिया गया. एयरलाइन की ओर से यात्रियों को गुरुवार के टिकट दिए गए थे.लेकिन जब गुरुवार सुबह यात्री दोबारा एयरपोर्ट पहुंचे तो उन्हें फिर फ्लाइट रद्द होने की जानकारी दी गई. इसके बाद यात्रियों को छह दिसंबर की नई तारीख दी जा रही है या रिफंड का विकल्प पेश किया जा रहा है. यात्रियों का आरोप है कि रिफंड के नाम पर भारी कैंसिलेशन चार्ज काटा जा रहा है.यात्रियों ने बताया कि कई लोग बेंगलुरु मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए जा रहे थे, जबकि कुछ के महत्वपूर्ण जॉब इंटरव्यू थे. फ्लाइट के बार-बार कैंसिल होने से उन्हें गंभीर परेशानी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है.

## व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी

**हुगली** : जिले के उत्तरपाड़ा के अमरनाथ बैंक कॉलोनी इलाके में एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. मृतक की पहचान 46 वर्षीय मनोरंजन बसाक के रूप में हुई है.

सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को तेज दुर्गंध आने से परेशान स्थानीय लोगों ने जब तलाशने की कोशिश की, तब घर के अंदर से एक अर्धनग्न, रक्तरंजित और सड़ा-गला शव मिला.



मिली जानकारी के मुताबिक, जिस मकान की ऊपरी मंजिल पर मनोरंजन रहते थे, उसी घर की निचली मंजिल पर उनकी मां, विवाहित बहन और उसका परिवार रहता था.

परिवार का कहना है कि मनोरंजन शराब और नशे में डूबे रहते थे. कुछ समय पहले उनकी पत्नी से उनका तलाक हो गया था, जिसके बाद मनोरंजन की मानसिक स्थिति और नशे की लत दोनों बढ़ गई थीं.

स्थानीय निवासियों ने कई सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि जब घर की निचली मंजिल पर परिवार मौजूद था, तो ऊपर से आने वाली इतनी तेज दुर्गंध उन्हें कैसे महसूस नहीं हुई? स्थानीय लोगों का सवाल है कि मनोरंजन के परिवार ने कई दिनों तक उनकी कोई खोज-खबर क्यों नहीं ली?इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही उत्तरपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत घर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस परिवार तथा पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है.

## अवैध बालू तस्करी पर भड़कीं अग्निमित्रा पॉल



**आसनसोल** : गुरुवार सुबह आसनसोल दक्षिण थाना क्षेत्र के दमरा घाट पर भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल के औचक निरीक्षण से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. उनके पहुंचते ही बालू घाट पर काम कर रहे लोग मशीनें बंद कर भागने लगे. घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया.निरीक्षण के दौरान अग्निमित्रा पॉल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासन को कई बार सूचना दी, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहूंचा. उन्होंने कहा,देखिए किस प्रकार का नेक्सस राज्य सरकार, प्रशासन और रेत माफियाओं के बीच बना हुआ है. मिलकर बालू चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है. प्रतिदिन बड़े-बड़े डंपर यहां से अवैध रूप से लोड होकर निकल रहे हैं, लेकिन सरकार कोई निर्णय नहीं ले रही है.उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल और रेत माफियाओं के साथ मिलकर घाट पर जो सारा अवैध कारोबार चल रहा है, वह अब सबके सामने है.जनता सब समझ रही है. आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी,.अग्निमित्रा पॉल ने चेतावनी देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे थाना घेराव और सड़क अवरोध भी करेंगी और अवैध कारोबार में शामिल माफियाओं तथा संबंधित अधिकारियों की गिरफ्तारी की भी मांग उठायेंगी.उनके अचानक दौरे से दमरा घाट और आसपास के क्षेत्रों में खलबली मची हुई है. स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि अब प्रशासन अवैध बालू उठाव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा.

## मानवा अधिकार संस्था का सेवा शिविर सम्पन्न



**उस्ती** : मानव कल्याण सुरक्षा संगठन के द्वारा दक्षिण 24 परगना के उस्ती पुलिस के सिकिर पोल इलाके में स्वास्थ्य और शिक्षा पर काम कर रहा है. संगठन ने 300 बेसहारा बच्चों को पूरी पढ़ाई देने की ज़िम्मेदारी ली है. हेल्थ सर्विस में फ्री हेल्थ चेकअप, फ्री ऑक्सीजन सर्विस, अलग-अलग ऑपरेशन कर रहे हैं.आंखों की जांच कैंप और मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क चल रहा है. आज लगभग 140 लोगों का इलाज किया गया. वहीं सर्दी में 140 लोगों को सर्दियों के कपड़े व 140 लोगों को खाना दिए गए है. यह ह्यूमन वेलफेयर ऑर्गनाइज़ेशन अलग-अलग राज्यों में बंगाली बोलने वाले दबे-कुचले परिवारों के साथ खड़ा रहा है और विरोध आंदोलन किया है. इंसानियत की सेवा में-ब्लड डोनेशन कैंप लगा रहा है. खासकर थैलेसीमिया मरीज़ों के खून की कमी से निपटने के लिए मेंबर रेगुलर ब्लड डोनेशन कर रहे हैं.इसके अलावा, हम समाज के पूरे विकास के लिए अलग-अलग फील्ड में एडमिनिस्ट्रेशन के साथ सहयोग कर रहे हैं. हमारे संगठन की गतिविधियां पहले से ही कई जिलों और राज्यों में फैल चुकी हैं, जिनमें मुर्शिदाबाद, वेस्ट मिदनापुर, ईस्ट मिदनापुर, हल्दिया, नादिया, सुंदरबन, साउथ 24 परगना और नॉर्थ 24 परगना. हम इन अलग-अलग जिलों में हर महीने एक कैंप चलाते हैं. सगंठन के आल इंडिया महासचिव मो.अताउर रहमान शेख, को-एडिटर श्री दीपांकर हलदर, ट्रेजरर आयशा बीबी और अन्य जाने-माने लोग मौजूद थे.

## न्यूज कॉर्नर

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्कर की घुसपैठ की कोशिश, गोली लगने से नागरिक की मौत



**कूचबिहार** : जिले के माथाभांग-1 ब्लॉक अंतर्गत भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर तस्करों की गतिविधि बढ़ने का मामला सामने आया है. बुधवार देर रात बैरागीहाट ग्राम पंचायत के चेना काटा इलाके में एक बांग्लादेशी नागरिक के तारबंदी पार कर तस्करी की कोशिश करने का आरोप लगा है. आत्मरक्षा में बीएसएफ को गोली लगने से उसकी मौत हो गई.मिली जानकारी के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जब युवक को रोकने की कोशिश की तो उसने जवान पर हमला करने की कोशिश की. आत्मरक्षा में बीएसएफ को गोली चलानी पड़ी. गोली लगने से बांग्लादेश के पाटग्राम के निवासी मोहम्मद सबूज हसन (30) गंभीर रूप से घायल हो गए. उसे माथाभंगा महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.सूत्रों के अनुसार, रात करीब ढाई बजे युवक तारबंदी पार कर कुछ तस्करी करने की कोशिश कर रहा था. बीएसएफ ने उसे रोकते ही उसने जवानों पर पलटकर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद मजबूरन गोली चलानी पड़ी.घटना की सूचना पाकर माथाभंगा थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.खबर लिखे जाने तक बीएसएफ की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली. माथाभंगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तन्मय मुखर्जी ने कहा कि बीएसएफ द्वारा एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है और मामले की जांच की जा रही है.

### बोलपुर में अवैध बालू तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**बीरभूम** : बीरभूम जिला के बोलपुर में अवैध बालू तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई अंजाम दी. गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार सुबह पुलिस टीम ने अजय नदी के किनारे स्थित इलाके में छापेमारी कर बालू से भरे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा.पुलिस के अनुसार, इन ट्रैक्टरों के पास किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे, जिसके बाद वाहनों को तुरंत जब्त कर थाने ले जाया गया. इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई है. स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से चल रहे अवैध बालू खनन पर अब पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है.पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन व तस्करी के खिलाफ अभियान और भी तेज किया जाएगा, ताकि इस पूरे रैकेट पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाई जा सके.

### आईओसी गेट के सामने खड़े तेल टैंकर में लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली

**सिलीगुड़ी** : सिलीगुड़ी शहर एक बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गया. गुरुवार को सिलीगुड़ी के इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) गेट के सामने खड़े एक तेल टैंकर में अचानक आग लगने की घटना सामने आई. देखते ही देखते मौके पर हड़कंप मच गया.स्थानीय सूत्रों के अनुसार, टैंकर के पहिये में अचानक ब्लास्ट होने के बाद आग भड़क उठी. आग देखते ही देखते आईओसी कर्मियों ने तुरंत फायर सेफ्टी सिस्टम का उपयोग कर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई. दमकल के पहुंचने से पहले ही आग का अधिकांश हिस्सा काबू में आ गया था. बाद में दमकलकर्मी मौके पर पहुंचकर आग को पूरी तरह से बुझा दिया. आईओसी कर्मचारियों की तत्परता और दमकल की त्वरित कार्रवाई की वजह से एक बड़ी दुर्घटना टल गई.आग किस वजह से लगी, यह अभी साफ नहीं है.

## रेलवे न्यूज

### पूर्व रेलवे महाप्रबंधक ने प्रमोटी अफसरों को संबोधित किया




**कोलकाता** : ईस्टर्न रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन (ईआरपीओए) की 2025 के लिए सालाना जनरल मीटिंग 4 दिसंबर को ईस्टर्न रेलवे के हेडक्वार्टर में हुई. इस मीटिंग में ईस्टर्न रेलवे के जनरल मैनेजर मिलिंद देउस्कर के साथ एडिशनल जनरल मैनेजर शीलेंद्र प्रताप सिंह, डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल हेड, ईस्टर्न रेलवे के सभी डिवीजन और वर्कशॉप के ऑफिसर मौजूद थे.ईआरपीओए के वर्किंग प्रेसिडेंट श्री प्रोवत कुमार मंडल और जनरल सेक्रेटरी देवव्रत बोस, और एक्स-प्रेसिडेंट अभिजीत रे ने प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन और दिल्ली में उनके फेडरेशन की भूमिका और अलग-अलग गतिविधियों के बारे में बताया. श्री रॉय ने प्रमोटी ऑफिसर्स के करियर में तरक्की से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर भी बात की. ईस्टर्न रेलवे के जनरल मैनेजर ने इन मुद्दों पर सहानुभूति से ध्यान दिया.ओपन सेशन के दौरान, जनरल मैनेजर ने रिटायर्ड अधिकारियों को मेमेंटो बांटे, और ईस्टर्न रेलवे में उनके योगदान और समर्पण को सराहा. श्री देउस्कर ने ईस्टर्न रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन की वेलफेयर एक्टिविटीज़ की भी तारीफ़ की.

### आरपीएफ ने मिशन सेवा के तहत घायल लोगों की मदद की



**कोलकाता** : ईस्टर्न रेलवे, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की मानवीय कोशिशों के ज़रिए यात्रियों की सुरक्षा, देखभाल और भलाई के लिए अपने वादे को निभा रहा है. यह मिशन मुश्किल में फंसे यात्रियों, खासकर बीमार, घायल या जिन्हें तुरंत मेडिकल मदद की ज़रूरत है, को समय पर मदद देने पर फोकस करता है.3 दिसंबर को, हावड़ा और सियालदह डिवीज़न के आरपीएफ जवानों ने तीन महिला यात्रियों को बचाया, जो यात्रा के दौरान बीमार, घायल या बहुत ज़्यादा परेशानी में थीं. बैंडेल रेलवे स्टेशन पर, एक बीमार महिला यात्री को ट्रेन से बचाया गया और तुरंत पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### फायर डिटेक्शन सिस्टम एवं हैंड ब्रेक इंडिकेटर से संरक्षा में महत्वपूर्ण सुदृढ़ता




**बिलासपुर** : 4 दिसंबर शुक्रवार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यांत्रिक विभाग ने यात्री सुरक्षा, संचालन दक्षता और विश्वसनीयता को और मजबूत करते हुए एसी कोचों में फायर डिटेक्शन सिस्टम के उन्नत उपयोग तथा गार्ड वैन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर की व्यवस्था जैसे दो महत्वपूर्ण तकनीकी सुधार सफलतापूर्वक लागू किए हैं . ये दोनों पहले रेलवे सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाई प्रदान करती हैं और यात्रियों के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं .एसी कोचों में उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम फायर डिटेक्शन सिस्टम एक स्वचालित धुआं पहचान एवं अलर्ट व्यवस्था है, जिसे एसी कोचों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विकसित किया गया है . सिस्टम के माध्यम से धुआं या आग की प्रारंभिक उपस्थिति का तुरंत पता लगता है और अलार्म सक्रिय हो जाता है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव होती है तथा किसी भी संभावित जोखिम में उल्लेखनीय कमी आती है .मुख्य विशेषताएँ धुआं पहचानते ही स्वतः चेतावनी संकेत कोच के भीतर संभावित आग/धुआं स्थिति की त्वरित जानकारी जोखिम कम करने व समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने में सहायक यात्रियों एवं ट्रेन स्टाफ की सुरक्षा जागरूकता में वृद्धिराज्योत्सव 2025 में आकर्षण का केंद्रदुर्ग कोचिंग डिपो द्वारा इस उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम को राज्योत्सव 2025 (1-6 नवम्बर, नया रायपुर) में प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया, जहाँ इस मॉडल को व्यापक सराहना मिली . आगंतुकों को सिस्टम के डिजाइन, कार्य-सिद्धांत और अलर्ट तंत्र की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान की गई, जिससे रेलवे की अग्नि सुरक्षा तकनीकों के प्रति आमजन की जागरूकता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई .गार्ड वैन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर की व्यवस्थाकोचिंग डिपो बिलासपुर द्वारा दो एलएचबी गार्ड वैन में ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के केबिन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर स्थापित किया गया है . यह सुधार ब्रेक संचालन की निगरानी को सरल और अधिक विश्वसनीय बनाता है, जिससे ट्रेन संचालन में सुरक्षा को नई मजबूती मिलती है .रिट्रोफिटमेंट के मुख्य लाभ-1. हैंड ब्रेक रिलीज की सीधी मॉनिटरिंगट्रेन मैनेजर को केबिन से ही ब्रेक की वास्तविक स्थिति का पता चलता है, जिससे गलतियों की संभावना कम होती है .2. ब्रेक संचालन में सुधार एवं स्टाफ के कार्यभार में कमीगार्ड एवं ऑपरेटिंग स्टाफ के लिए मॉनिटरिंग आसान हो जाती है, जिससे संचालन दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ती है .यह व्यवस्था गार्ड की परिचालन क्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव कम करने तथा कोचिंग रेक में समग्र सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है .संरक्षा उन्नयन की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोचिंग डिपो बिलासपुर एवं दुर्ग द्वारा किए गए ये तकनीकी नवाचार रेलवे की संचालन संरक्षा, विश्वसनीयता और यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं . निरंतर तकनीकी सुधार, उन्नत सुरक्षा प्रणालियों का उपयोग और बेहतर मेंटेनेंस प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित कर संरक्षित एवं भरोसेमंद ट्रेन सेवाओं को निरंतर मजबूत किया जा रहा है .

## सिउड़ी के अब्दारपुर में सड़क किनारे मिला देसी बम

**सिउड़ी** : बीरभूम जिला अंतर्गत सिउड़ी के अब्दारपुर इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क के किनारे देसी बम जैसी वस्तु पड़ी देखी. देखते ही देखते खबर पूरे गांव में फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. टीम ने इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी. पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरामद वस्तु देखने में देशी बम जैसी लग रही है, जिसकी जांच जारी है.स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह बच्चों के स्कूल जाने और लोगों के बाजार निकलने का समय होता है. ऐसे में सड़क पर बम मिलना बेहद चिंताजनक है. लोगों का कहना है कि 2026 के चुनाव को देखते हुए इस तरह की घटनाएं माहौल को अस्थिर करने की कोशिश हो सकती हैं. दो गुटों के बीच बढ़ते तनाव की चर्चा भी क्षेत्र में तेज है.ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना के बाद आसपास के गांवों में भी भय का माहौल व्याप्त हो गया है. लोग दहशत में हैं और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं.पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# मुर्शिदाबाद दंगों की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा: ममता बनर्जी



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता:** हुमायूं कबीर को गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस से निलंबित किए जाने के कुछ घंटे बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद के लोग दंगों की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे. तृणमूल कांग्रेस ने मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा करके विवाद खड़ा करने वाले भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर को गुरुवार को निलंबित कर दिया. कबीर का नाम लिए बिना बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में एक रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती और वह इसके सख्त खिलाफ है. उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी देने के लिए जिले के बहुलवादी इतिहास का हवाला दिया. मुख्यमंत्री ने कहा, हम मुर्शिदाबाद के इतिहास को नहीं भूल सकते. यहां हर घर में सिराजुद्दौला का सम्मान किया जाता है. यह जिला नवाबों की धरती है. यहां सभी धर्मों के पवित्र स्थल हैं. लोग सिराज को याद करते हैं. मुर्शिदाबाद के लोग दंगों की राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे. उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस द्वारा कबीर को निलंबित किये जाने के कुछ ही देर बाद आई है. कबीर की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर प्रस्तावित मस्जिद के लिए छह दिसंबर को होने वाले शिलान्यास से पहले की गई टिप्पणी से जिले में सांप्रदायिक तनाव की आशंका पैदा हो गई थी. कबीर के निलंबन पर सीधे बनर्जी ने मुहर लगायी है. उनके निलंबन की घोषणा कोलकाता में आज आनन-फानन में बुलायी गयी प्रेसवार्ता में वरिष्ठ मंत्री एवं कोलकाता के महापौर फिरहाद हाकिम ने की. हाकिम ने कहा, हुमायूं कबीर का पार्टी से कोई संबंध नहीं होगा. धर्म के नाम पर विभाजनकारी राजनीति करने वालों के लिए तृणमूल कांग्रेस में कोई जगह नहीं है. प्रेसवार्ता में उनके साथ मुर्शिदाबाद के नेता- अखरुज़्ज़मां और नियामत शेख भी मौजूद थे. बनर्जी ने अपनी रैली के दौरान कहा कि मुर्शिदाबाद में विभिन्न धर्मों के लोगों के सह-अस्तित्व की विरासत की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी. उन्होंने कहा, मुर्शिदाबाद ने हमेशा एकता को कायम रखा है. यह वह धरती है जहां इतिहास हमें सिखाता है कि विश्वासघात बर्बादी लाता है और सद्भावना शक्ति लाती है. हम इस सद्भावना की रक्षा करेंगे.

## सीईओ दफ्तर के बाहर फिर तनाव, बीएलओ अधिकार रक्षा समिति का उग्र प्रदर्शन



**कोलकाता:** कोलकाता में राज्य निर्वाचन अधिकारी यानी सीईओ के दफ्तर के सामने गुरुवार को फिर माहौल गरम हो गया. बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्य सुबह से ही वहां बैठकर नारे लगा रहे थे. इसी बीच कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड धकेलकर आगे बढ़ने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया. इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हल्की धक्का-मुक्की हो गयी. पिछले कई दिनों से तृणमूलपंथी मानी जाने वाली यह समिति सीईओ दफ्तर के सामने लगातार धरना दे रही है. सोमवार के बाद गुरुवार को फिर से स्थिति तनावपूर्ण हो उठी. प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्लैकार्ड थे, जिन पर लिखा था कि बीएलओ पर जबरन डेटा एंट्री का अतिरिक्त काम थोपा जा रहा है, जो वे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे. एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान राज्य में कई बीएलओ की मौत की खबरें सामने आयी थीं. परिवार का आरोप है कि काम के अत्यधिक दबाव की वजह से मौतें हुईं. इन्हीं मांगों को लेकर समिति के सदस्य सीईओ दफ्तर के बाहर बैठकर मृत बीएलओ के परिवारों को आर्थिक सहायता और परिवार के किसी सदस्य को नौकरी देने की मांग कर रहे थे. इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड के पास जाकर जोर-जबरदस्ती शुरू कर दी. पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो स्थिति और बिगड़ गयी और धक्का-मुक्की की नौबत आ गयी. सोमवार को भी ऐसी ही स्थिति बनी थी, जब विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सीईओ से मिलने पहुंचे थे. जैसे ही वे दफ्तर के सामने पहुंचे, बीएलओ समिति के सदस्य 'गो बैक' के नारे लगाने लगे और उनके साथ तीखी बहस भी हुई थी. गुरुवार को एक बार फिर बीएलओ का एक धड़ा पुलिस से उलझ पड़ा, जिससे पूरे इलाके में तनाव फैल गया.

# खाली पड़े घर से युवक का शव बरामद

### दक्षिण अफ्रीका से पायलट की ट्रेनिंग पूरी करके वापस लौटा था मृतक



**कोलकाता :** 21 वर्षीय युवक का शव एक खाली पड़े घर से बरामद हुआ है. मृतक की पहचान सौम्यादित्य कुंडू के रूप में हुई है. घटना गुरुवार सुबह गिरीश पार्क इलाके में हुई. मृतक युवक इसी इलाके का निवासी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक के भविष्य के बड़े सपने थे. वह कुछ दिन पहले ही दक्षिण अफ्रीका से पायलट की ट्रेनिंग पूरी करके शहर लौटा था. और फिर आज यह घटना घटी. कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने कहा, पूरी घटना की जाँच की जा रही है. इस घटना में, पुलिस ने शुरुआती जाँच में पाया कि सुबह गिरीश पार्क थाने के पास एक खाली पड़े घर में घुसते समय कुछ लोगों को अजीब सी गंध महसूस हुई. इसके बाद, उन्होंने घर के एक कमरे में एक शव लटका हुआ देखा. पुलिस को तुरंत सूचित किया गया. गिरीश पार्क थाने के जाँचकर्ताओं ने आकर शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. गिरीश पार्क थाने के साथ-साथ कोलकाता पुलिस के मानवहत्या विभाग के जासूस भी घटनास्थल पर पहुँचे. शव देखने के बाद, उन्होंने शुरुआत में अनुमान लगाया कि युवक ने कोई आत्मघाती कदम उठाया होगा. हालाँकि, इस घटना के पीछे कुछ और भी कारण हो सकते हैं. जाँचकर्ता इस संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं. लालबाजार सूत्रों के अनुसार, मृतक सौम्यादित्य के परिचितों ने पुलिस को बताया कि दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद उसका व्यवहार बदल गया था. सौम्यादित्य असामान्य रूप से शांत हो गया था. वह किसी से ज़्यादा बात नहीं करता था. परिवार स्पष्ट रूप से यह नहीं बता पा रहा था कि उसे कोई परेशानी या चिंता थी या नहीं. हालाँकि, उन्होंने यह ज़रूर माना कि उन्हें लग रहा था कि उनका बेटा पिछले कुछ दिनों से परेशान था. इस घटना ने एक रहस्य पैदा कर दिया है. पुलिस सभी पहलुओं की जाँच कर रही है कि क्या सौम्यादित्य ने ऐसा कदम उठाया होगा या इसके पीछे कोई और वजह है. वे इस बात की भी जाँच कर रहे हैं कि वह उस वीरान घर में कैसे पहुँचा, वह वहाँ कितने समय से था और क्या किसी ने उसे वहाँ देखा था. परिवार के सभी सदस्यों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं. बहरहाल, युवक की मौत से इलाके में मातम पसर गया है. मोहल्ले के कई लोगों ने बताया कि सौम्यादित्य पढ़ाई में अच्छा था. व्यवहार में भी अच्छा था. वह विनम्र और शांत स्वभाव का था. पायलट बनने का सपना लेकर वह विदेश में ट्रेनिंग के लिए गया था. जाँचकर्ताओं का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा.


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं.: (i)114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-34, (ii) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-38, दिनांक : 03.12.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **दोपहर 12:00 बजे** से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्रम संख्या:** (i) । **कार्य का विवरण:** 10 वर्षों के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध सहित एबीएसएस योजना के अधीन 04 अदद एस्केलेटर्स (झाड़ग्राम-जेजीएम-02 अदद तथा घाटशिला-जीटीएस-02 अदद) की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,10,16,918.56। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 3,55,100। **क्रम संख्या:** (ii)। **कार्य का विवरण:** खड़गपुर- चरण-1 के रूप में वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर रेलवे सेटलमेंट एरिया में स्मार्ट एनर्जी मीटर का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 22,04,073.60। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** ₹ 44,100। **खुलने की तारीख:** 24.12.2025 [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए]। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए]। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 महीने [क्रम संख्या (i) के लिए] एवं 06 महीने [क्रम संख्या (ii) के लिए]। **जमा करने की तारीख:** 24.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक [क्रम संख्या (i) एवं (ii) प्रत्येक के लिए]। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्योरा और स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-914)



**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-ईटीएन-सीसीटीवी-यार्ड-एसटीएन, दिनांक 03.12.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: 1. डानकुनी गुड्स में वार्फ एवं ड्रेनेज सिस्टम का विकास एवं सीसीटीवी कवरेज का प्रावधान तथा फॉग कैनन, एएक्यू, शोर निगरानी के लिए विद्युतीय सुविधाएँ। 2. बर्द्धमान यार्ड में सीसीटीवी की स्थापना के लिए प्रस्ताव। 3. हावड़ा-बामनगाछी यार्ड में सीसीटीवी की स्थापना के लिए प्रस्ताव। 4. बर्द्धमान स्टेशन में अतिरिक्त सीसीटीवी की स्थापना के लिए प्रस्ताव। 5. हावड़ा मंडल के संवेदनशील एलसी गेट में सीसीटीवी की स्थापना के लिए प्रस्ताव। 6. हावड़ा, बर्द्धमान, रामपुरहाट एवं आजिमगंज में हटों में रोलिंग के साथ सीसीटीवी। विज्ञापित मूल्य: रु. 8,39,00,720.19; बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 5,69,500; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0.00; बोली शुरू होने की तारीख: 12.12.2025। समापन अवधि: 12 महीने। प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। निविदा बंद होने की तारीख: 26.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय: 03.12.2025 को दोपहर 12.04 बजे।

(HWH-430/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पश्चिम बंगाल से उद्यमियों का तेजी से हो रहा पलायन: अमित मालवीय



**कोलकाता:** भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक विस्तृत पोस्ट करते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल तेजी से व्यवसायिक कंपनियों के पलायन का सामना कर रहा है. उन्होंने कहा कि यह स्थिति राज्य की पूर्ण आर्थिक विफलता को दर्शाती है और अब इसकी आधिकारिक पुष्टि भी हो चुकी है. मालवीय के मुताबिक, केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से बताया है कि बड़ी संख्या में कंपनियां बंगाल छोड़ रही हैं. मालवीय ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शामिक भट्टाचार्य के सवाल के जवाब में मंत्रालय ने 223 पन्नों की विस्तृत सूची संसद में सौंपी है, जिसमें उन कंपनियों का विवरण है जिन्होंने बंगाल छोड़ दिया है. इस सूची ने राज्य की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं. उनके अनुसार, पिछले छह महीनों में कुल 207 कंपनियां पश्चिम बंगाल से बाहर चली गई हैं. इसके अलावा, ममता बनर्जी के 2011 में सत्ता में आने के बाद से अब तक कुल 6,895 कंपनियां राज्य छोड़ चुकी हैं. मालवीय के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस सरकार इस गंभीर स्थिति को छिपाने की कोशिश कर रही है, लेकिन आंकड़े खुद सच्चाई बयां कर रहे हैं. अमित मालवीय ने यह भी दावा किया कि बंगाल छोड़ने वालों में कई बड़ी और सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं, जिनकी बाजार पूंजी हजारों करोड़ रुपये में है. उन्होंने उदाहरण के रूप में जिन कंपनियों का उल्लेख किया उनमें नेटवेब टेक्नोलॉजीज, गैलेंट इस्पात, यूरेका फोर्ब्स, जेके टायर, सनातन टैक्सटाइल, ग्रीनपैनल इंडस्ट्रीज, नेशनल स्टैंडर्ड समेत कई अन्य प्रमुख कंपनियां शामिल हैं. इनका बंगाल से हटना निवेश और रोजगार दोनों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. मालवीय ने आरोप लगाया कि ममता सरकार की नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल निवेशकों के लिए नो-गो ज़ोन बन गया है. उन्होंने कहा कि जहाँ देश के अन्य राज्य बड़े पैमाने पर विदेशी और घरेलू निवेश आकर्षित कर रहे हैं, वहीं बंगाल में उद्योगों का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है और निवेशक राज्य से दूर भाग रहे हैं. यह स्थिति राज्य को आर्थिक रूप से 20 साल पीछे धकेल रही है. भाजपा नेता ने कहा कि कंपनियों के इस बड़े पैमाने पर पलायन से पश्चिम बंगाल में रोजगार के अवसर तेजी से घट रहे हैं और आर्थिक ढाँचा कमजोर होता जा रहा है. मालवीय के अनुसार, इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी ममता बनर्जी सरकार की आर्थिक नीतियों और उद्योग विरोधी माहौल पर है. खबर लिखे जाने तक भाजपा नेता के बयान पर तृणमूल कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी.


**आपकी वेदना, हमारी संवेदना**

युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है

(साइज 12x8)

सम्पर्क :

मो. : 9831572125, 9831494084

www.yuvashakti.news.com

email: yuvashakti@hotmail.com



*"Her gentle presence was our quiet strength, and her love will remain our guiding light."*

With profound sorrow, we announce the demise of

**Smt. Krishna Neotia**

wife of **Late Shri Vinod Neotia** and

beloved mother of **Shri Harshavardhan Neotia**

Her kindness, warmth, and gentle presence shaped our lives with quiet grace, and her absence leaves a void that words cannot fill

*The values she lived with, and the love she shared, will continue to guide us forever*

**In loving remembrance:**

Gayatri Neotia

Harshavardhan & Madhu Neotia

Smriti & Gautam Morarka

Shraddha Neotia

Parthiv & Mallika, Paroma

Priyanka, Pranay, Ishani & Kartikeya

and the extended Ambuja Neotia Parivaar

**Prayer Meet**

**7th December | 4:00–5:30 PM**

**Residence: 7/2 Queens Park, Ballygunge, Kolkata –700 019**



*In Loving Memory*

**SMT. KRISHNA NEOTIA**

**(24th January 1941 – 2nd December 2025)**

AmbujaNeotia

न्यूज कॉर्नर

## उपायुक्त के निर्देश पर फर्जी प्रमाण पत्र जमा करने के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



**धनबाद :** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2025-26 में वर्ग -6 में नामांकन हेतु छात्र/छात्राओ द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र जमा करने के मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार जांच टीम गठित कर जांच कराई गई.जांच के उपरांत जांच टीम द्वारा उपायुक्त को रिपोर्ट सौंप दी गई है. इस मामले में उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार कुल 16 संबन्धित छात्र / छात्राओ के अभिभावकों के विरुद्ध प्रभारी प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय बेनगोरिया, धनबाद द्वारा निरसा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है.जिन 16 संबन्धित छात्र / छात्राओ के अभिभावकों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है वो, टुंडी अंचल, गोविंदपुर अंचल, पूर्वी टुंडी अंचल, बलियापुर अंचल तथा धनबाद अंचल क्षेत्र के निवासी हैं.

## नेशनल लोक अदालत में क्लेम केस का निष्पादन को लेकर बैठक आयोजित



**जमशेदपुर :** नेशनल लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस का निष्पादन करने को लेकर एडीजे 1 श्री कनक पट्टदार एवं डालसा सचिव श्री धर्मेन्द्र कुमार ने इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता और एप्लीकेंट अधिवक्ताओं के साथ न्याय सदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक बैठक आयोजित किया. इस बैठक में निर्देश दिया गया कि आगामी 13 दिसंबर को होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित क्लेम केसों का निपटारा किया जाए, ताकि दुर्घटना में पीड़ित लाभुकों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके तथा पीड़ित परिवार को सम्मान जनक उचित मुआवजा भी दिलाया जा सके .

## जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण



**साहेबगंज** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के दिशानिर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), साहेबगंज के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने आज व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज के परिसर में जरूरतमंदों और दिव्यांगजनों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया.इस अवसर पर, डालसा अध्यक्ष अखिल कुमार ने कहा कि यह कंबल वितरण अभियान केवल आज तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्होंने प्राधिकार के सचिव, श्री विश्वनाथ भगत को निर्देश दिया है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद के सहयोग से यह अभियान आगे भी जारी रखा जाए.इसके अतिरिक्त, प्राधिकार सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने पैरा लीगल वालंटियर्स न्याय मित्र की एक टीम का गठन किया है. यह टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में जाएगी और अत्यंत जरूरतमंद, लाचार, वृद्ध, विधवा और बेसहारा बच्चों, विभिन्न आश्रय गृहों और रैन बसेरों में रहने वालों को चिन्हित करेगी. टीम उन्हें ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल उपलब्ध कराएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी उठा सकें.इस पुनीत कार्य के दौरान अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, पैरा लीगल वालंटियर मुकेश कुमार, न्यायालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति और कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्होंने सहयोग किया.

## टोटो बाइक की आमने–सामने टक्कर, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज** : तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लालबन गांव में गुरुवार की संध्या टोटो और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही अचेत हो गया.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनपहाड़ की ओर से आ रही बाइक और विपरीत दिशा से लालबन की ओर आ रही टोटो का अचानक आमना-सामना हो गया, जिससे टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार संभल नहीं सका. हादसे के बाद युवक की हालत ऐसी थी कि वह अपना नाम-पता बताने की स्थिति में भी नहीं था. मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और घायल को इलाज के लिए राजमहल अस्पताल भेजने की तैयारी में जुटे रहे.

## जिले में आयोजित आयुष जांच शिविर में 198 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**पाकुड़:** आयुष विभाग की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया. इन शिविरों में कुल 198 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं. यह शिविर अमड़ापाड़ा प्रखंड के छोटापहाड़पुर, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सवालापुर एवं महेशपुर प्रखंड के महेशपुर में आयोजित किए गए. शिविर में उपस्थित चिकित्सकों डॉ मिथलेश सिंह, डॉ अमरेश कुमार, डॉ प्रेम प्रकाश एवं डॉ राजेश यादव ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का निःशुल्क परीक्षण किया गया. साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई. शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की.

## बेलदा में एक दिन में तीन सड़क दुर्घटनायें, 8 लोग घायल

**मेदिनापुर :** बेलदा क्षेत्र में बुधवार को एक ही दिन में अलग-अलग तीन सड़क दुर्घटनायें हुईं, जिनमें कुल आठ लोग घायल हो गए.पहली दुर्घटना बेलदा-एगरा राज्य मार्ग के बेलदा थाना अंतर्गत अर्जुनी इलाके में हुई. जानकारी के अनुसार, दो युवक मोटरबाइक से बेलदा की ओर जा रहे थे, उसी समय एक किशोरी सड़क पार कर रही थी. अचानक बाइक का नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक ने किशोरी को टक्कर मार दी. दुर्घटना में मोटरबाइक पर सवार दोनों युवक तथा किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलते ही बेलदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बेलदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरबाइक को जब्त कर लिया है.दूसरी दुर्घटना खड़गपुर-बालेश्वर 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के श्यामपुरा इलाके में हुई. बताया गया कि दासपुर के दो निवासी मोटरबाइक से ओडिशा में डॉक्टर दिखाने जा रहे थे. इसी दौरान श्यामपुरा के पास बाइक अनियंत्रित होकर एक साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और साइकिल सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया. बेलदा थाना पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम तुरंत मौके पर पहूंची और सभी घायलों को बेलदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया. साइकिल सवार की हालत गंभीर होने पर उसे अन्य अस्पताल में रेफर किया गया, जबकि दोनों बाइक सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई.

# अब वीवीआईपी गाड़ियों का नहीं लगेगा टोलटैक्स

## परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने संबंधित वीवीआईपी को लिखा अनुरोध पत्र

युवाशक्ति न्यूज

**पटना:**बिहार के सांसदों, विधायकों, मंत्रियों व अन्य वीवीआईपी की सरकारी गाड़ियों को फास्टैग टोल प्लाजा पर टोल टैक्स से पूरी तरह छूट दिलाने के लिए परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बड़ा कदम उठाया है. मंत्री ने सभी संबंधित वीवीआईपी को पत्र लिखकर अपनी पात्र सरकारी गाड़ियों पर एक्ज़ेम्प्टेड फास्टैग (छूट वाला फास्टैग) शीघ्र लगवाने और एनएचएआई के एक्ज़ेम्प्शन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने का अनुरोध किया है.तीन महीने के अंदर करना होगा रजिस्टरपरिवहन मंत्री ने पत्र में स्पष्ट किया है कि भारत सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सभी पात्र वाहनों को तीन महीने के अंदर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ



इंडिया (एनएचएआई) के एक्ज़ेम्प्शन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्टर कराना होगा.राज्य में वर्तमान में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, मंत्री, मुख्य सचिव सहित कई वीवीआईपी की सरकारी गाड़ियां इस पोर्टल पर रजिस्टर होने के बाद टोल प्लाजा पर बिना रुके निकल जाती हैं. मंत्री ने सभी से अपील की है कि निर्धारित समय के अंदर अपने वाहनों की पूरी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराकर छूट वाला फास्टैग लगवा लें.

**कीमती समय की होगी बचत:** मंत्रीपरिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वीवीआईपी की गाड़ियों को टोल प्लाजा पर रोकने से कई बार महत्वपूर्ण बैठक या कार्यक्रम में देरी हो जाती है.उनकी सहूलियत और कीमती समय की बचत के लिए यह व्यवस्था की गई है.

विभाग ने सभी संबंधितों को अलग-अलग पत्र भेजकर भी व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया है कि वे शीघ्र इस प्रक्रिया को पूरा कर लें ताकि आगे किसी तरह की असुविधा न हो.

**इन वीवीआईपी गाड़ियों को मिलती है टोल टैक्स से छूट:** मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा सभापति, लोकसभा में विपक्ष के नेता ,सांसद व विधायक (सरकारी गाड़ी पर), उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश व न्यायाधीश,राज्य के वर्तमान व पूर्व विधायक-विधान पार्षद, सभी मंत्री, बिहार विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री.

## पुलिस ने बिंदावन ग्राम स्थित एक घर से फंदे से लटकता हुआ एक 18 वर्षीय युवक का शव बरामद किया

**साहिबगंज** : तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनपहाड़ थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के ही बिंदावन ग्राम स्थित एक घर से फंदे से लटकता हुआ एक 18 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है.जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम अमन मुर्मू (18)वर्ष बताया जा रहा है.जो वृंदावन गांव के रहने वाले स्व सुनील मुर्मू का एकमात्र सुपुत्र था.बरहाल प्रथम पूछताछ में मृतक की माताजी आशा बेसरा ने पुलिस को बताया की मृतक अमन बीते कुछ समय से अपने कमरे में अकेला ही रहने लगा था लोगो से मिलना ओर बोलचाल भी कम कर दिया था.जिसपर एक दिन मैने जानने की कोशिश की तो उसने बड़े ही बेरुखी से जवाब दिया.जिसके बाद मैं चुप होकर रोजाना की तरह अपने काम में लग गई.सब कुछ ठीक ही चल रहा था लेकिन बीते मंगलवार रात्रि वो खाना खाकर अपने कमरे में चला गया



जिसके बाद दूसरे दिन यानी बुधवार को मैं अपने आंगनवाड़ी सेंटर चली गयी और फिर वहां से किसी अन्य कार्य के लिए बाजार भी गयी लेकिन जब बाजार से वापस घर आई तो देखा बाथरूम का पानी,किचन का खाना सब जैसे का तैसे रखा हुआ है मुझे कुछ अजीब लगा जिसके बाद मैने अपने मृतक बेटे के दरवाजे के पास जाकर कई आवाजे दी लेकिन कोई आवाज नहीं आया. जिसके बाद मैने उसके कमरे में लगे खड़की के एक छेद से झांक कर देखा तो पाया कि अमन का शव पंखे से लटका झूल रहा है.इसके बाद हो हल्ला किया तब आसपास के लोग जमा हो गए और उसके कमरे को तोड़ कर मेरे मृतक बेटे का शव फंदे से उतारा गया लेकिन तब तक वो मर चुका था.जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दिया.सूचना पाते ही तीनपहाड़ थाना के एसआई महेंद्र कुमार,नारद गहलौत दलबल के साथ घटनास्थल पहुँच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया. जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया. मामले को लेकर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने कहा कि प्रथम दृष्टा से शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि मामला आत्महत्या है फिलहाल यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.

## माटीगाड़ा में बनेगा महाकाल मंदिर

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा क्षेत्र में महाकाल मंदिर का निर्माण किया जाएगा. इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने उत्तर बंगाल दौरे के दौरान की थी. इसी को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को मेयर गौतम देव ने मंदिर निर्माण के लिए तय की गई जमीन का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान मेयर के साथ डिप्टी मेयर रंजन सरकार, बोरो चेयरमैन, नगर निगम के कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे.उल्लेखनीय है कि पिछले अक्टूबर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उत्तरकन्या में बैठक के बाद माटीगाड़ा की लगभग 14.41 एकड़ भूमि पर महाकाल मंदिर निर्माण की घोषणा की थी. यह परियोजना वेस्ट बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तहत शुरू की जाएगी.निरीक्षण के बाद मेयर गौतम देव ने पत्रकारों को बताया

## नारायणगढ़ में सड़क किनारे मिला युवक का शव

**पश्चिम मेदिनिपुर :** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के कसबा इलाके में बुधवार देर शाम एक युवक का रहस्यमय परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे युवक का शव पड़ा हुआ देखा और इसकी जानकारी तुरंत नारायणगढ़ थाना पुलिस को दी.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर मकरामपुर अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया

## लहंती बैसी की मासिक बैठक में पेसा एक्ट 1996 पर चर्चा

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदिवास कल्याण छात्रावास परिसर में गुरुवार को मांझी परगना लहंती बैसी की मासिक बैठक प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया.

बैठक में पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में बना संसदीय कानून पेसा एक्ट 1996 पर चर्चा की गई. बैठक में चर्चा किया गया कि झारखंड सरकार अभी तक पेसा एक्ट 1996 पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है. जिस कारण सभी ग्राम प्रधान काफी नाराज है. ग्राम प्रधानों ने पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू



करने का मांग किया है. अन्यथा आंदोलन करने पर विवश होंगे. बैठक में चर्चा की गई की कुछ संगठनों के द्वारा आदिवासी समाज को प्रधान बदलो का नारा लगाते हुए कमजोर करने की कोशिश की जा रही है, जो आदिवासी लोगों को भड़काने का काम कर रही है. लहंती बैसी इन लोगों को कड़ी निंदा करते हुए संगठन द्वारा प्रशासन के पास लिखित आवेदन देने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई.

इस अवसर पर कमलाकांत मुर्मू, स्टीफन हेम्ब्रम, डीजेन हांसदा, रमेश टुडू, सिफानिएल हांसदा, सुजीत टुडू, कालिदास सोरेन, प्रेमलाल मुर्मू, जोहन मरांडी,अनीता मरांडी के अलावे अंचल के सभी ग्राम प्रधान एवं लेखा होड़ उपस्थित थे.

## पेट्रोल पंप एवं शोरूम संचालकों के साथ जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक

**पाकुड़:** उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी के निर्देशानुसार आज जिला परिवहन कार्यालय में पेट्रोल पंप मालिकों, दो एवं चारपहिया वाहन शोरूम संचालकों तथा परिवहन से संबंधित संस्थाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से की. बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप एवं वाहन शोरूम परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले नाइट विज़न सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं. सभी कैमरों में 15 से 30 दिनों का वीडियो बैकअप रखना आवश्यक होगा. यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और दुर्घटना निगरानी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से



अनिवार्य की गई है. निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई. सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी शोरूम स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, तथा प्रत्येक शोरूम में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैनर-पोस्टर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया. दोपहिया वाहन बेचते समय ग्राहक को खडख मार्क के दो हेलमेट उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. सभी शोरूमों को मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करना होगा.अनुमंडल पदाधिकारी ने शोरूम एवं पेट्रोल पंप के स्टाफ को निर्देश दिया कि वे स्वयं हेलमेट का उपयोग करें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखें, बीमा, पॉल्यूशन एवं नंबर प्लेट दुरुस्त रखें, नियमों का उल्लंघन करने पर चालक तथा संस्थान-दोनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. शोरूम से बिना नंबर प्लेट के किसी भी वाहन को ग्राहक को सौंपना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. माइनिंग कंपनियों को निर्देश दिया कि अवधि समाप्त कर चुके भारी वाहनों को तत्काल बदलें. नॉन-फिट एवं एक्सपायर वाहनों का संचालन पूर्णतः बंद करें.माइनिंग क्षेत्रों में ड्रंक- एंड-ड्राइव तथा दस्तावेजों की नियमित जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें. बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, अंचलाधिकारी पाकुड़, मोटरयान निरीक्षक, बीजीआर एवं डीबीएल माइनिंग कंपनी प्रतिनिधि एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सभी पेट्रोल पंप एवं वाहन शोरूम संचालक उपस्थित रहे.

## विधानसभा अध्यक्ष ने की भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक



युवाशक्ति न्यूज

**पटना:**बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने वृहस्पतिवार को अपने कार्यालय कक्ष में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की.इस बैठक में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान माईक एवं साउंड में उत्पन्न व्यवधान सहित बिहार विधान सभा भवन के रख-रखाव एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गयी.माईक एवं साउंड में उत्पन्न व्यवधान पर भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों ने माननीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही, भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी .माननीय अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को निदेश दिया कि विधान सभा के तीनों भवनों एवं परिसर में भवन निर्माण विभाग द्वारा कराए गए कार्यों का रख-रखाव सही ढंग से हो, इसकी समुचित व्यवस्था करें .इस बैठक में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि एवं डॉ0 ख्याति सिंह , प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा सहित भवन निर्माण विभाग एवं सभा सचिवालय के संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे .

## यूडी केस एवं लंबित कांडों का जल्द से जल्द निपटारा करने का एसडीपीओ ने दिया निर्देश



**महेशपुर (पाकुड़)**: एसडीपीओ विजय कुमार ने महेशपुर थाना में मासिक अपराध गोष्ठी की. मासिक अपराध गोष्ठी में एसडीपीओ ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया. अपराध गोष्ठी में चोरी की घटना को लेकर कहां की अगर घर के सभी सदस्य घर बंद करके कहीं बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना महेशपुर थाने को अवश्य दें. ताकि पुलिस के द्वारा लगातार गश्ती की जा सके. उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि चोरी की घटना को लेकर लोग भी सजग रहे. देर रात को अगर गली- मोहल्ले में अनजान व्यक्ति घूम रहा हो तो इसकी सूचना अभिलंब महेशपुर पुलिस को दे. क्राइम मीटिंग में अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का भी सख्त निर्देश दिया. साथ ही चेक पोस्ट पर लगातार गस्ती करने एवं संदिग्ध लोगों के ऊपर नजर रखने का निर्देश दिया गया. साथ ही क्रिसमस पर्व को लेकर सभी थाना प्रभारी को विशेष रूप से चौकसी रहने को कहा. एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया की विवादित जमीन में धान कटनी को लेकर भी सभी तैयार रहे अगर कहीं भी इस तरह की घटना मिलती है तो समाधान को लेकर कार्य करें. साथ ही सभी प्रभारियों को नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया. मासिक अपराध गोष्ठी में महेशपुर पुलिस निरीक्षक प्रयाग दास, अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा, पाकुडिया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो मौजूद थे.

## रनिंग स्टाफ ने भूख हड़ताल में बैठे 48 घंटे बीत जाने के बाद जल ग्रहण कर समाप्त किया



**साहिबगंज** : सीडब्ल्यूसी, एआईएलआरएसए के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर पूरे देश की सभी लॉबी में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट 48 घंटे के उपवास पर रहकर ट्रेन संचालन कर रहे थे. इसी क्रम में साहिबगंज लॉबी में भी मंगलवार को रनिंग स्टाफ ने लंबित मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर विरोध जताया. वही 48 घंटे बीत जाने के बाद भूख हड़ताल जल ग्रहण कर समाप्त किया. कर्मचारियों ने कहा कि रनिंग स्टाफ रेलवे की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी हो रही है. रनिंग अलाउंस में 25% बढ़ोतरी 01 जनवरी 2024 से लागू होनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है, जिसके कारण स्टाफ आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहा है. रनिंग माइलेज पर आयकर में मिलने वाली 70% छूट बंद होने से कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ गया है. इसके अलावा पीआर रेस्ट का 30-16 यानी कुल 46 घंटे का नियम भी जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे कार्य-विश्राम संतुलन बिगड़ रहा है. कर्मचारियों ने कहा कि किसी भी गाड़ी का सुरक्षित संचालन लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के कंधों पर होता है. वे हर मौसम, हर परिस्थिति में सबसे आगे खड़े होकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं. इसके बावजूद एसपीएडी के मामूली आरोप में भी बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई की जाती है, जो न्यायसंगत नहीं है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मान्यता प्राप्त यूनियनें रनिंग स्टाफ की समस्याओं को गंभीरता से नहीं उठा रही हैं. रनिंग स्टाफ ने चेतावनी दी कि यदि भारत सरकार और रेलवे बोर्ड ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन और उग्र किया जायेगा. आगे चक्का जाम जैसे बड़े कदम उठाए जायेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक सचिव गोपाल कुमार ने की. मौके पर दिवाकर कुमार, संतोष कुमार, विनय कुमार, कुंदन कुमार, ब्रजेश कुमार, जेएस विद्यार्थी, कुमुद रंजन, सुभाष, राजीव, कृष्णा, मौसम सहित कई रनिंग स्टाफ मौजूद थे.

# बेलगड़िया टाउनशिप में नवनिर्मित टीओपी का शुभारंभ

**बलियापुर** : बलियापुर अंचल स्थित बेलगड़िया टाउनशिप में धनबाद पुलिस के नवनिर्मित टाउन आउट पोस्ट (टीओपी) का बुधवार को विधिवत उद्घाटन किया गया. उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार नेसंयुक्त रूप से किया. इस मौके पर स्थानीय नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही.बेलगड़िया टाउनशिप को अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले विस्थापित लोगों के लिए पूर्णवास नीति के तहत विकसित किया जा रहा है. उपायुक्त ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के सहयोग से टाउनशिप में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर कार्य किया जा रहा है. पानी, सड़क, बिजली, शिक्षा, पुलिस व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि टाउनशिप के पूर्ण विकास के लिए कई नई योजनाएं जल्द लागू होंगी और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि यहां रहने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि इस टाउनशीप को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा जहाँ सभी तरह की सुविधाएं मौजूद रहेगी.साथ ही उपायुक्त ने लोगों से अपील कि की यह टाउनशिप आपका है, इसलिए आप सभी की जिम्मेदारी



बनती है की इसे सुसज्जित कर रखें. जिला प्रशासन हर वो सुविधा उपलब्ध कराएगी जिसकी आवश्यकता एक टाउनशिप में होनी चाहिए. लेकिन बिना आपके सहयोग के कोई भी कार्य संभव नहीं है. इसलिए जो भी कार्य टाउनशिप में किया जा रहा है उसकी निगरानी भी टाउनशिप के लोग करें.नवनिर्मित टीओपी के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि इस टीओपी के संचालन में आने से अब स्थानीय निवासियों को पुलिस कार्यों के लिए दस किलोमीटर दूर बलियापुर थाना नहीं जाना पड़ेगा.उन्होंने बताया कि इस टीओपी को पुलिस आपके द्वार की तर्ज पर विकसित किया गया है, जहां नागरिकों को पुलिस से संबंधित सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी और उनकी शिकायतों का त्वरित निवारण भी संभव होगा.एसएसपी ने बताया कि टीओपी पर चौबीसों घंटे पुलिस पदाधिकारी और जवानों की तैनाती रहेगी, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और समय पर उनकी शिकायतों का समाधान किया जा सके. उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और मजबूत होगा व अपराध पर भी पूरी तरीके से नियंत्रण रहेगा. यहाँ रहने वाले लोगों से अपिल करते हुए एसएसपी नें कहा कि आमजनों की सुरक्षा के लिए पुलिस तत्पर है लेकिन यहाँ की व्यवस्था और संपत्ति की देखरेख करने की सामूहिक जिम्मेवारी का निर्वहन सभी को मिलकर करना होगा.कार्यक्रम के अंत में स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उम्मीद जताई कि इस टीओपी की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों में सकारात्मक बदलाव आएगा.

## न्यूज कॉर्नर

### ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का खिताब जीता



**जेरूशलमः** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता. इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए. इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली. 'चेसबेस डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह उनके लिए 2.5-1.5 से मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था. एरिगैसी ने बाद में कहा, ''यह जीत आसान नहीं थी. मेरे सामने कई चुनौतियां थीं और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं कर पाया. इसके बावजूद खिताब हासिल करके मैं बहुत खुश हूं.'' उन्होंने आगे कहा, ''आज के दोनों मुकाबले (पीटर स्विडलर और फिर आनंद के खिलाफ) काफी तनावपूर्ण रहे. आनंद सर के खिलाफ पहले गेम में हम दोनों ने मौके गंवाए. लेकिन मुझे लगता है कि ब्लिट्ज में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया.'' इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली. एरिगैसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था.

### रहस्यमयी स्पिनर सुनील नारायण 600 टी20 विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर बने



**अबु धाबीः** गेंदबाजी में विविधता के लिए पहचाने जाने वाले रहस्यमयी स्पिनर सुनील नारायण ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया जब वह प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में 600 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने. वेस्टइंडीज के नारायण ने बुधवार को यहां शारजाह वारियर्स के खिलाफ अबु धाबी नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की. त्रिनिदाद के इस 37 वर्षीय क्रिकेटर ने टॉम एबेल को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की. उनकी यह उपलब्धि टी20 प्रारूप में महानतम गेंदबाजों में से एक के रूप में नारायण के दर्जे को और मजबूत करती है. मैच के बाद अबु धाबी नाइट राइडर्स ने नारायण को विशेष जर्सी दी जिसमें 600 अंक लिखा था जो उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि को दर्शाता है.

### जूनियर हॉकी विश्व कप : इंग्लैंड ने चिली, दक्षिण अफ्रीका ने मलेशिया को हराया

**चेन्नईः** इंग्लैंड ने जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के नौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में गुरुवार को चिली को 3- 1 से हराया. मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंग्लैंड के लिये काडेन इस्ले ने तेरहवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा. वहीं कप्तान मैक्स एंडरसन ने दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में फील्ड गोल करके बढ़त दुगुनी कर दी. इसके चार मिनट बाद चिली के लिये जेवियर वर्गास ने बेहतरीन फील्ड गोल करके अंतर कम किया. चिली पूल चरण में भारत और स्विटजरलैंड के बाद पूल बी में तीसरे स्थान पर रही थी. इंग्लैंड ने हालांकि जवाबी हमलों में जॉनी हिबिट स्टर्च के गोल के दम पर फिर 3-1 से बढ़त बना ली. हाफटाइम तक यही स्कोर था और आखिरी दोनों क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई प्रयास किये लेकिन गोल नहीं हो सका. दक्षिण अफ्रीका ने जेडन ब्रूकर के दो गोलों की मदद से मलेशिया को नौवे से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराया. मैच में तीन गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए. ब्रूकर ने 18वें और 39वें मिनट में गोल दागे जबकि तीसरा गोल रोस मोंटगोमेरी ने 58वें मिनट में किया. मलेशिया के लिये एकमात्र गोल मेट अकील ने 48वें मिनट में किया.

### एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की आसान जीत



**मैड्रिडः** काइलियन एमबाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया. एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है. बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है. उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था. एमबाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किए हैं. उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे. इस फ्रांसीसी स्टार ने इस सत्र में अपने क्लब और देश के लिए कुल 24 मैचों में 30 गोल किए हैं. वह स्पेनिश लीग (16 गोल) और चैंपियंस लीग (नौ गोल) दोनों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं. एमबाप्पे ने बुधवार को सातवें मिनट में अपना पहला गोल किया. कैमाविंगा ने 42वें मिनट में एमबाप्पे की मदद से बढ़त दोगुनी कर दी. फ्रांस के खिलाड़ी ने 59वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा.

# रूट का ऑस्ट्रेलिया में पहला शतक, स्टार्क के छह विकेट के बावूद इंग्लैंड संभला



**ब्रिसबेनः** जो रूट (नाबाद 135 रन) ने बृहस्पतिवार को यहां एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला शतक जड़ा जिससे इंग्लैंड ने स्टंप तक पहली पारी में नौ विकेट पर 325 रन बना लिए. हालांकि ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने 71 रन देकर छह विकेट झटके लेकिन इंग्लैंड शुरूआती झटकों से उबरकर अच्छी स्थिति में पहुंच गया. ऑस्ट्रेलिया में रूट ने अभी तक शतक नहीं लगाया था और इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में पिछले 15 एशेज टेस्ट में उनका सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर 89 था. लेकिन उन्होंने लंबा इंतजार खत्म करते हुए 181 गेंद में 11 चौके से 100 रन पूरे किए. वह अभी तक 202 गेंद का सामना करके 15 चौके और एक छक्का जड़ चुके हैं. स्टार्क ने बेन डकेट और ओली पोप को खाता भी नहीं खोलने दिया जिससे तीसरे ओवर में इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर पांच रन हो गया था. तभी रूट क्रीज पर आए. उन्होंने पर्थ में श्रृंखला के पहले मैच में मिली आठ विकेट की हार के बाद इंग्लैंड की पारी को संभालते हुए आत्मविश्वास दिलाने की कोशिश की. वह 11वें नंबर के खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर के साथ क्रीज पर मौजूद हैं. आर्चर ने अपने करियर का सबसे अच्छा नाबाद 32 रन का स्कोर बनाया. इससे रूट और आर्चर ने अंतिम विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी निभा ली है. स्टार्क ने बीच के सत्र में हैरी ब्रूक (31 रन) को आउट कर अपने करियर का 415वां विकेट हासिल किया. इस तरह उन्होंने पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम (104 टेस्ट में 414 विकेट) को पीछे छोड़ दिया जो टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं. ब्रूक ऑफ स्टंप के बाहर स्लिप में कैच आउट हुए जिससे रूट के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी खत्म हो गई. अपना 160वां टेस्ट खेल रहे रूट ने फिर जैक क्रॉली (76) के साथ 117 रन की भागीदारी करके इंग्लैंड को तीन विकेट पर 122 रन के स्कोर तक पहुंचाया. इंग्लैंड ने पहले दो सत्र (दोपहर और शाम) में 98-98 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया ने हर एक सत्र में दो दो विकेट लिए. रूट और बेन स्टोक्स (19 रन) आराम से खेल रहे थे. लेकिन जोश इंग्लिस ने बेन स्टोक्स को शानदार तरीके से रन आउट कर दिया जिससे चीजें फिर से बदल गईं. अब स्कोर पांच विकेट पर 210 रन हो गया. तीन गेंद बाद स्कॉट बोलैंड ने जेमी स्मिथ को बोल्ड कर दिया जो खाता भी नहीं खोल सके. अब स्कोर छह विकेट पर 211 रन था. रूट इस समय 79 रन पर थे और विल जैक्स उनके साथ क्रीज पर थे. फिर दोनों ने 40 रन जोड़े. जैक्स ने स्टार्क की गेंद पर बिना वजह बड़ा शॉट खेला और पवेलियन लौट गए. फिर स्टार्क ने गस एटकिंसन (04) और ब्रायडन कार्स (00) को जल्दी जल्दी आउट किया जिससे स्कोर नौ विकेट पर 264 रन हो गया. फिर रूट और आर्चर ने मिलकर ऑस्ट्रेलिया की पहले दिन बल्लेबाजी की उम्मीद तोड़ दी.

## रविंद्र और लैथम के शतक से न्यूजीलैंड को 481 रन की बढ़त



**क्राइस्टचर्चः** रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को यहां 481 रन की बढ़त हासिल करके मैच पर अपना शिकंजा मजबूत कस दिया. रविंद्र ने 176 रन की लाजवाब पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज लैथम ने 145 रन बनाए. इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 279 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 417 रन बनाए. न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 167 रन पर आउट करके 64 रन की बढ़त हासिल की थी. न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के 417 रन में से 200 रन 50 चौकों से आए, जिनमें से 27 चौके रविंद्र ने लगाए. दिन का खेल समाप्त होने के समय विल यंग 20 और माइकल ब्रेसवेल छह रन बनाकर खेल रहे थे. लैथम ने 179 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया. रविंद्र ने अपना चौथा टेस्ट शतक 108 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से पूरा किया. लैथम ने अपनी पारी में 250 गेंद का सामना किया और 12 चौके लगाए जबकि रविंद्र ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की. उन्होंने 185 गेंद का सामना किया और अपनी पारी में 27 चौके लगाने के अलावा एक छक्का भी जड़ा. इन दोनों के अलावा डेवोन कॉनवे ने 37 रन का योगदान दिया. स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन केवल नौ रन ही बना सके. उनके आउट होने से न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 100 रन हो गया था. इसके बाद रविंद्र और लैथम ने बड़ी साझेदारी निभाई.

## आसिफ के पांच विकेट, केरल ने गत चैंपियन मुंबई को हराकर उलटफेर किया

**लखनऊः** तेज गेंदबाज केएम आसिफ के पांच विकेट की बदौलत केरल ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले में गत चैंपयन मुंबई को 15 रन से हराकर उलटफेर किया. मुंबई को इस टी20 टूर्नामेंट में अपने पांच मैचों में पहली हार मिली लेकिन फिर भी टीम 16 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है. वहीं केरल अपनी तीसरी जीत के साथ 12 अंक से पांच टीमों के इस पूल में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि आंध्र भी 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है. केरल नेट रन रेट में आंध्र से थोड़ा पीछे है. स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में 163 रन पर ऑल आउट हो गई. भारतीय तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर की अगुआई वाली मुंबई की टीम में भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी शामिल थे. केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 178 रन बनाए. केरल को संजू सैमसन ने शानदार शुरूआत कराई. उन्होंने 28 गेंद में 46 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था. हालांकि रोहन कुनुम्मल (02) और सैमसन के आउट होने से केरल का सातवें ओवर में स्कोर दो विकेट पर 58 रन हो गया. सैमसन ने ज्यादातर स्ट्राइक अपने पास रखी और मुंबई के स्टार गेंदबाजों का जिम्मेदारी से सामना किया. उनके आउट होने के बाद स्कोरिंग गति धीमी पड़ गई. विष्णु विनोद ने 40 गेंद में 43 रन बनाए. विनोद ने मोहम्मद अजहरुद्दीन (32) के साथ 63 रन की साझेदारी. तेज गेंदबाज़ शराफुद्दीन की 15 गेंद में 35 रन की पारी ने केरल को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. मुंबई ने आयुष म्हात्रे (03) के जल्दी आउट होने के बाद अजिंक्य रहाणे (32) और सरफराज खान (52) के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी से टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया. 12वें ओवर में मुंबई का स्कोर तीन विकेट पर 99 रन था और वे आराम से लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे. लेकिन 18वें ओवर में आसिफ (25 रन देकर पांच विकेट) ने मैच का रुख बदल दिया. उन्होंने एक ही ओवर में सैराज पाटिल (13), सूर्यकुमार (32) और शारदुल (शून्य) के विकेट झटके जिससे स्कोर सात विकेट पर 149 रन हो गया. आसिफ ने आखिरी ओवर में शम्स मुलानी और हार्दिक तामोरे को आउट कर मुंबई की पारी समाप्त कर दी. बत्तीस वर्षीय आसिफ को इस सत्र में लखनऊ की इस पिच से काफी सफलता मिली है, उन्होंने अभी तक मुश्ताक ट्रॉफी के चार मैच में 13 विकेट लिए हैं. ग्रुप के अन्य मैच में असम ने विदर्भ को 58 रन से जबकि आंध्र ने छत्तीसगढ़ को आठ विकेट से पराजित किया.

## शमी के चार विकेट से सेना को हराकर बंगाल शीर्ष पर

**हैदराबादः** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 13 रन पर चार विकेट से बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुशताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सेना को सात विकेट से हरा दिया. यह बंगाल की पांच मैच में चौथी जीत है और अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम 16 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है. टीम ने इसके साथ ही नॉकआउट में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत कर दिया है. आईपीएल नीलामी में उतर रहे ईश्वरन ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (29 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े जिससे बंगाल ने 166 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में ही हासिल कर लिया. इससे पहले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए शमी ने 13 रन देकर चार जबकि आकाशदीप ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे सेना की टीम 18.2 ओवर में 165 रन पर सिमट गई. ऋतिक चटर्जी ने भी 32 रन



देकर दो विकेट चटकाए. चोट के बाद वापसी करते हुए पंजाब के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या ने इस बार गेंद से प्रभावित करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट हासिल किया जबकि उनकी टीम बड़ौदा ने गुजरात को कम स्कोर वाले मैच में आठ विकेट से हराया. गुजरात की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में सिर्फ 73 रन पर ढेर हो गई. गुजरात के सिर्फ दो खिलाड़ी दोहरे अंक में पहुंच पाए. बड़ौदा की ओर से भारत के पूर्व अंडर-19 तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने पांच रन देकर तीन विकेट चटकाए. बड़ौदा ने इसके जवाब में सिर्फ 6.4 ओवर में दो विकेट पर 74 रन बनाकर जीत दर्ज की. हार्दिक ने छह गेंद में 10 रन बनाए. यह भारतीय ऑलराउंडर अब छह दिसंबर को कटक के लिए रवाना होगा जहां वह नौ दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ जुड़ेगा. ग्रुप के एक अन्य मैच में तेज गेंदबाजों अंशुल कंबोज (44 रन पर तीन विकेट) और अनुज ठकराल (31 रन पर तीन विकेट) की धारदार के गेंदबाजी के बाद यशवर्धन दलाल (नाबाद 76) के अर्धशतक से हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से हरा दिया. हिमाचल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा ने 18 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. दलाल ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए.

## बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में होगी भारत की असली परीक्षा

**चेन्नईः** भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी. चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया. भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है. लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा. यहां से कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है. भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था. भारत पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करके इस उपलब्धि को दोहराने की स्थिति में दिख रहा है. उसने अभी तक 18 मैदानी गोल किए हैं. इसके अलावा उसने नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर से और दो पेनल्टी स्ट्रोक से किए हैं. लेकिन यहां से भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी और किसी भी तरह का अति आत्मविश्वास उसे खिताब की दौड़ से बाहर कर



सकता है. चिली और ओमान के खिलाफ पहले दो मैचों में भारत ने दबदबा बनाए रखा और मनचाहे गोल दागे. उसने स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराया, लेकिन स्विस टीम ने भारत की रक्षापंक्ति के सामने कड़ी चुनौती पेश की. इस मैच में गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह ने कुछ शानदार बचाव किए. पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करना अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है. पिछले मैच में शिलानंद लाकड़ा ने दो बार पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला लेकिन भारत कप्तान रोहित और अनमोल एक्का से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा. भारतीय स्ट्राइकरों ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया. दिलराज सिंह (06 गोल), मनमीत (05), अर्शदीप सिंह (04), अजीत यादव और गुरजोत सिंह (दोनों दो-दो गोल) सभी ने अपना प्रभाव छोड़ा है. रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल और इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम ने मध्यपंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी. श्रीजेश भी पूल चरण के प्रदर्शन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं. बेल्जियम ने अभी तक टूर्नामेंट में 22 गोल किए हैं और वह सर्वाधिक गोल करने वाली टीमों में तीसरे नंबर पर है. उसने 11 मैदानी गोल किए जबकि इतने ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला. श्रीजीश ने कहा, ''जूनियर विश्व कप कोई आसान टूर्नामेंट नहीं है. मेरा मतलब है कि इनमें से कोई भी टीम आपको आसानी से जीत हासिल नहीं करने देगी. टूर्नामेंट की असली शुरुआत तो अब होगी और कोई भी गलती भारी पड़ सकती है.''

## सोना 600 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 900 रुपये की नरमी

**नयी दिल्लीः** कमजोर वैश्विक रुख और फेडरल रिजर्व की अगले हफ्ते होने वाली नीतिगत बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का दाम 600 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. 99.9 शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी. वहीं, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही. यह 900 रुपये टूटकर 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) रह गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,80,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी. एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अगले हफ्ते फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के नीतिगत फैसले से पहले बाजार प्रतिभागियों की ओर से खरीदारी के अभाव और सजग रवैये के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई.'' वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,197.10 डॉलर प्रति औंस रह गया. मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक प्रवीण सिंह ने कहा, ''हाजिर सोना अभी 4,193 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि मिले-जुले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से और मजबूती आ रही है.'' उन्होंने कहा कि ताजा अमेरिकी रोजगार आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर में पेरोल में गिरावट आई, जो वर्ष 2023 के बाद सबसे खराब डेटा है. इससे फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती पर दांव बढ़ गए हैं. इसके अलावा, विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी दो प्रतिशत टूटकर 57.34 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी. बुधवार को यह 58.97 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी.

## साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों का राजस्व 2026 तक छह अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान: डीएससीआई

**नयी दिल्लीः** भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (डीएससीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों के राजस्व के 2026 तक करीब छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है. आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम की डेटा सुरक्षा इकाई के अनुमान के अनुसार भारतीय साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों ने 2025 में 4.46 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व अर्जित किया है. डीएससीआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनायक गोडसे ने 'वार्षिक सूचना सुरक्षा शिखर सम्मेलन' 2025 में कहा, ''भारत की साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियों का राजस्व 2026 में अच्छी वृद्धि के लिए तैयार है. 2026 में इसके 5.98 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है.'' उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष में इस क्षेत्र में चार गुना वृद्धि हुई है. गोडसे ने कहा, ''2025 में इस खंड में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी.'' उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) एक महत्वपूर्ण कारक होगा जिसका इस खंड पर प्रभाव पड़ेगा. गोडसे ने कहा, ''हम अब भी एआई के प्रभाव का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं. हम यह भी देख रहे हैं कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य ने बाजार को भारतीय साइबर सुरक्षा कंपनियों के लिए अनुकूल बना दिया है.'' मुख्य रूप से घरेलू और अमेरिकी बाजार की जरूरतें पूरी करते हुए नए भौगोलिक क्षेत्र, खासकर पश्चिम एशिया उनके लिए नए गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं. डीएससीआई की प्रमुख शोधकर्ता नेहा मिश्रा ने कहा कि भारत में 400 से अधिक साइबर सुरक्षा उत्पाद कंपनियां हैं. इनके कर्नाटक, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और महाराष्ट्र इस क्षेत्र के प्रमुख केंद्र हैं.

## कारोबार

# आईटी, प्रौद्योगिकी शेयरों के दम पर गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 158 अंक चढ़ा

**मुंबईः** घरेलू शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को थम गया. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 158 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी एक बार 26,000 के स्तर के ऊपर पहुंच गया. बीएसई का 30-शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक यानी 0.19 प्रतिशत मजबूत होकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 380 अंक से अधिक चढ़कर 85,487.21 तक चला गया था. एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 47.75 अंक बढ़कर 26,033.75 अंक पर पहुंच गया. इससे पहले पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में करीब 613 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई थी जबकि निफ्टी लगभग 230 अंक यानी 0.8 प्रतिशत टूटा था. सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ट्रेंट में मुख्य रूप से तेजी रही. दूसरी तरफ, मारुति, इटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का सिलसिला जारी है. बुधवार को एफआईआई ने 3,206.92 करोड़ रुपये



मूल्य के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,730.41 करोड़ रुपये की खरीदारी की. जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार मिलेजुले वैश्विक संकेतों और आरबीआई की मौद्रिक नीति से पहले सतर्क रुख के बीच लगभग स्थिर रहे. रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और एफआईआई की बिकवाली के कारण शुरुआती तेजी थम गई थी. हालांकि, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने से रुपये में मामूली सुधार हुआ, जिससे सूचकांकों को समर्थन मिला.' हालांकि व्यापक बाजार में गिरावट दर्ज की गई. छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.32 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक में 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही. क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस्ड आईटी खंड 1.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि आईटी खंड में 1.31 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड में 1.12 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 0.53 प्रतिशत की बढ़त रही. एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, 'रुपये में कमजोरी बने रहने से बाजार की धारणा सुस्त रही और इक्विटी बाजार ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया. रेपो दर पर रिजर्व बैंक के आने वाले फैसले को देखते हुए निवेशकों ने इंतजार करने की रणनीति अपनाई.' एशिया के अन्य बाजारों में मिलाजुला रुख रहा. दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट कमजोर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे. यूरोपीय बाजार दोपहर कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे. अमेरिकी बाजार बुधवार को मजबूत बंद हुए थे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत चढ़कर 62.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. सेंसेक्स बुधवार को 31.46 अंक फिसल कर 85,106.81 अंक और निफ्टी 46.20 अंक कमजोर होकर 26,986 अंक पर बंद हुआ था.

## फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत किया

**नयी दिल्लीः** साख निर्धारित करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया. मुख्य रूप से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी सुधारों के साथ बेहतर धारणा के कारण वृद्धि अनुमान को बढ़ाया गया है. फिच ने कहा कि घटती मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दिसंबर में नीतिगत दरों में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत पर लाने गुंजाइश देती है. आरबीआई इस साल अब तक मुख्य नीतिगत दर रेपो में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है. उसने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछली अप्रैल-जून तिमाही के 7.8 प्रतिशत थी. रेटिंग एजेंसी ने दिसंबर के लिए अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च के अंत तक) की शेष अवधि में वृद्धि धीमी रहेगी, लेकिन हमने पूरे वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान को सितंबर के 6.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है.'' इस वर्ष वृद्धि को मुख्य रूप से निजी उपभोक्ता खर्च गति दे रहा है. इसका कारण मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता, उपभोक्ता धारणा में सुधार और हाल ही में लागू किए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का प्रभाव है. जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत लगभग 375 वस्तुओं पर कर की दरें कम की गई है. इससे 99 प्रतिशत से अधिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं. जीएसटी में संशोधित दरें 22 सितंबर से प्रभावी हुई हैं. फिच को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर धीमी होकर 6.4 प्रतिशत रहेगी. इसने अनुमान लगाया है कि वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ अगले वित्त वर्ष (2026-27) की दूसरी छमाही में निजी निवेश में तेजी आएगी. खाने-पीने की चीजों की कम कीमतों के कारण अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 0.3 प्रतिशत के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गई. फिच ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि घटती मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दिसंबर में नीतिगत दर में एक और कटौती करके इसे 5.25 प्रतिशत करने की गुंजाइश देगी.'' आरबीआई शुक्रवार को अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करेगा.

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से 19 पैसे मजबूत होकर 89.96 प्रति डॉलर पर

**मुंबईः** विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे की बढ़त दर्ज करने के साथ रिकॉर्ड गिरावट से उबरने में सफल रहा और 89.96 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ. रुपये के मूल्य में यह तेजी मुख्य रूप से डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा बाजार में संभावित हस्तक्षेप की वजह से आई. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में गैर-कृषि रोजगार के आंकड़े अनुमान से कम रहने से डॉलर में नरमी आई और इसने रुपये को निचले स्तर पर समर्थन दिया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.36 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और शुरुआती कारोबार में फिसलकर 90.43 के नए सर्वकालिक निचले स्तर तक पहुंच गया. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा में देरी से रुपये




पर दबाव रहा. हालांकि बाद में रुपया की स्थिति संभली और अंत में यह 89.96 रुपये प्रति डॉलर के (अस्थायी) भाव पर बंद हुआ. इस तरह पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले रुपये में 19 पैसे की मजबूती रही. बुधवार को रुपया पहली बार 90 के स्तर के ऊपर चला गया था और 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो इसका अब तक सर्वकालिक निचला बंद स्तर है. इस बीच, दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 98.84 पर आ गया.

## न्यूज कॉर्नर

### सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा लगाया गये तीन आईईडी बरामद कर किया निष्क्रिय

**नारायणपुर:** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील जंगलों में सुरक्षाबलों के जवानों ने आज गुरूवार को नक्सलियों द्वारा लगाया गये तीन आईईडी बरामद कर सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया है. नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए तीन आईईडी बम लगाए जाने की सुरक्षा बलों को सूचना मिली कि माड़ीन नदी किनारे पदबेड़ा पगडंडी मार्ग पर नक्सलियों ने आईईडी लगाई है. सूचना मिलते ही तत्काल संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई. इस संयुक्त टीम में ओरछा स्थित आईटीबीपी की 29वीं वाहिनी, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड नारायणपुर, थाना छोटे डोंगर पुलिस बल और आईटीबीपी डॉग स्क्वॉड शामिल थे. सुरक्षाबलों के संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर तीन आईईडी बम बरामद कर सुरक्षित नष्ट कर दिया है.

### नाबालिग से रेप करने वाले को 20 साल जेल की सजा

**झुंझुनू:** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो न्यायालय झुंझुनू ने गुरूवार को नाबालिग से रेप के मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी दीपक पुत्र जगदीश निवासी खुड़िया पुलिस थाना मण्डेला जिला झुंझुनूं को दोषी करार दिया है. न्यायालय ने विभिन्न धाराओं के तहत उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई. दोषी को डेढ़ लाख रुपए के आर्थिक जुर्माने से दंडित किया है.यह मामला 22 फरवरी-23 की दोपहर करीब 12 बजे का है. पीड़िता के पिता खेत में काम कर रहे थे और मां दवाई लेने गई थी. उनकी 13 साल 5 महीने की नाबालिग बेटी (पीड़िता) घर पर अकेली थी. आरोपी दीपक इसी मौके का फायदा उठाकर परिवादी के घर आया. उसने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने गांव के जोहड़ में ले जाकर जबरदस्ती उसके साथ रेप किया. आरोपी शाम करीब 6 बजे पीड़िता को प्यारेलाल मेघवाल के घर के पास छोड़कर चला गया.पीड़िता के भाई ने आरोपी को पीड़िता को ले जाते हुए देख लिया था, जिसके बाद उसने परिवादी को इसकी सूचना दी. परिवादी ने तुरंत पुलिस थाना मण्डेला में घटना की सूचना दी और मामला दर्ज कराया. न्यायालय में इस अपराध को साबित करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने पैरवी की. न्यायालय ने पत्रावली पर मौजूद 21 गवाहों और 39 दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दीपक को दोषी माना गया.

### पलवल में दहेज में स्कॉर्पियो न मिलने पर विवाहिता की हत्या

**पलवल:** जिले के नौरंगाबाद गांव में दहेज में स्कॉर्पियो न मिलने के कारण एक विवाहिता वर्षा की कथित तौर पर हत्या कर दी गई. मायके वालों का आरोप है कि ससुरालवालों ने उसे मारपीट के बाद गला दबाकर हत्या की. शव को बामनीखेड़ा स्थित अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए. गुरुवार को इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. जानकारी के अनुसार वर्षा की शादी 23 अप्रैल 2023 को नौरंगाबाद गांव के सुमित से हुई थी. शादी के अगले दिन से ही सास-ससुर, पति और ननदें दहेज में और मांग करने लगे. उन्होंने स्कॉर्पियो और ननदों के लिए सोने के आभूषणों की मांग की. भाई अनूप के अनुसार, दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने वर्षा के साथ मारपीट की. इसके बाद उन्होंने 6 लाख रुपये नकद देकर मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर मारपीट की गई. वर्षा ने अपने भाई को फोन कर ससुरालवालों के उत्पीड़न की जानकारी दी थी. अनूप ने बताया कि 2 दिसंबर को वर्षा ने फोन पर कहा कि ससुरालवाले उसकी हत्या की योजना बना रहे हैं और सुमित दूसरी शादी की बातें कर रहा है. अगले दिन 3 दिसंबर को सुमित ने अनूप को कॉल कर बताया कि वर्षा की मृत्यु हो गई.मुंडकटी थाना प्रभारी तेजपाल ने गुरूवार को बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर पति सुमित, ससुर विक्रम, ननद रेनू एवं मधु और सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल भेज दिया. पुलिस ने कहा कि हत्या के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है और ससुरालवालों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं.

### हिंदू सुरक्षा सेना की अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान तेज करने की मांग

**गुवाहाटी:** हिंदू सुरक्षा सेना, असम ने उच्चतम न्यायालय और केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप पूरे देश के साथ-साथ असम में भी चल रहे अवैध विदेशियों को निर्वासित करने के अभियान को और अधिक व्यापक और तेज करने की मांग की है. संगठन की ओर से जारी एक बयान में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष कंचन नाथ और महासचिव आकाश सैकिया ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी मुस्लिम मौजूद होने के बावजूद अब तक केवल लगभग 100-150 लोगों को ही निर्वासित किया गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया को रोकने के लिए कुछ वाम-इस्लामिक समूह सक्रिय हो रहे हैं.बयान में कहा गया कि हालिया अभियान का असर बरपेटा, धुबड़ी और ब्रह्मपुत्र के चर क्षेत्रों में खास तौर पर दिखाई नहीं दे रहा है, जिन्हें संगठन ने अवैध प्रवासियों के मजबूत ठिकाने बताया. संगठन ने मध्य असम, निचले असम और चर क्षेत्रों में अभियान और तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि जरूरत पड़ने पर सेना की सहायता भी ली जानी चाहिए.केंद्रीय सचिव मितुन दास ने असम सरकार द्वारा राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने और लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने के फैसले का स्वागत करते हुए इसकी जल्द से जल्द क्रियान्वयन प्रक्रिया शुरू करने की अपील की.

### छतरपुर में यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, मौके पर मची अफरा-तफरी, एक महिला गंभीर

**छतरपुर:** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में गुरुवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में बस में सवार 5 से 6 यात्री घायल हुए है. घायलों में एक बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को एंबुलेंस की मदद से गौरीहार अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है. जानकारी के अनुसार घटना गौरिहार थाना क्षेत्र के खड्डी पहरा के पास हुई. बस क्रमांक एमपी 16 पी 0276 चंदला से छतरपुर की तरफ जा रही थी. इस दौरान खड्डी पहरा के पास क्रॉसिंग के दौरान बस अचानक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे खेत में पलट गई. घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई. आसपास के ग्रामीण और राहगीरों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई और घायलों को बस से बाहर निकाला. हादसे में 5 से 6 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें एक वृद्ध महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं.घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची. सभी घायलों को इलाज के लिए तुरंत गौरिहार अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज गति से चल रही थी और चालक का वाहन पर नियंत्रित अचानक खो गया. हादसे के कारणों का अभी विस्तृत निरीक्षण किया जा रहा है.

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**अनूपपुर:** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की थाना कोतवाली अनूपपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासी 19 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी को विशेष न्यायालय अनूपपुर ने गुरूवार को जेल भेज दिया है. ज्ञात हो कि युवती 04 अक्टूबर को घर से अनूपपुर जाने को कह कर निकली थी. पुलिस के अनुसार 04 अक्टूबर 2025 को थाना कोतवाली अनूपपुर में 19 वर्षीय नवयुवती के पिता द्वारा पुत्री के घर से अनूपपुर जाने का कहने के बाद अचानक गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई. जिस पर गुम इंसान दर्ज कर तलाशी के लिए टी.आई. कोतवाली के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा, सहायक उपनिरीक्षक पवन प्रजापति, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राठौर, आरक्षक अब्दुल कलीम, आरक्षक प्रकाश तिवारी, साइबर सेल से आरक्षक राजेंद्र अहिरवार एवं पंकज मिश्रा की टीम लगातार तलासी की जा रहीं थी, नवयुवती को पानीपत (हरियाणा) से दस्तयाब किया गया. नवयुवती द्वारा महिला पुलिस अधिकारी एवं न्यायालय में दिये गये कथनो के आधार पर प्रकरण में इस्तयाक खान पुत्र मोहम्मद मुस्ताक खान हाल निवासी राठौर मोहल्ला अनूपपुर (मूल निवासी ग्राम रघुनाथगंज जिला रीवा) द्वारा नवयुवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का अपराध की धारा 69 बी.एन.एस. एवं 3(2) (5) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है.

# रूस और भारत ने दोनों देशों की 'दोस्ती' को समय की कसौटी पर खरा बताया

## राजनाथ सिंह ने कहा, रूस के साथ हमारा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग काफी बढ़ा

**नई दिल्ली:** भारत की यात्रा पर आए रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव के साथ राजनाथ सिंह ने गुरुवार को मानेकशॉ सेंटर में बैठक की. 22वीं भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की मंत्रिस्तरीय बैठक में रक्षा मंत्रियों ने दोनों देशों की दोस्ती को समय की कसौटी पर खरा बताया. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद हमारा आपसी सहयोग अच्छी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है. हमारे सशस्त्र बलों और विशेषज्ञों के बीच भी हमारी रक्षा साझीदार बढ़ रही है.

बैठक की सह अध्यक्षता करते हुए राजनाथ सिंह ने रूसी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी लोग द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए इतनी दूर भारत आए. उन्होंने कहा कि रूस भारत का समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला विशेष अधिकार प्राप्त और रणनीतिक साझेदार है और 2000 में भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा पर हस्ताक्षर होने के बाद से हमारा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग काफी बढ़ा है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम पिछले महीने मॉस्को में ट्रेड और इकोनॉमिक कोऑपरेशन पर इंडिया-रशिया वर्किंग ग्रुप की 26वीं मीटिंग के सफल आयोजन और रूस के नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ



मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू होने का स्वागत करते हैं. हम 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो आज पूरा हो गया है. रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच बैठक दोनों देशों के बीच स्पेशल प्रिविलेज्ड पार्टनरशिप को और मजबूत करेगी.

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव ने बैठक में दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर खरी दोस्ती पर बात की. बेलौसोव ने राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए कहा कि दोनों देश आपसी सम्मान पर आधारित दोस्त हैं. उन्होंने कहा कि यहां आते समय जब हम कार में अलग-अलग बिंदुओं पर बात कर रहे थे, तो हम इस बात पर सहमत हुए कि दोनों देश गहरी परंपरा से बंधे हैं, जो रूसी और भारतीय देशों के लिए बहुत खास है. उन्होंने भारत पहुंचने पर मिली मेहमाननवाजी को भी सराहा.

बेलौसोव ने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते सामरिक हैं और भारत के साथ साझेदारी दक्षिण एशियाई इलाके में संतुलन के लिए अहम फैक्टर है. उन्होंने कहा कि इस साल हम 1941-1945 के महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध में जीत की 80वीं सालगिरह मना रहे हैं. उन्होंने भारतीय नौसेना दिवस के मौके पर भी भारत को बधाई दी. उन्होंने कहा कि रूस आर्मी, एयर फोर्स और नेवी के नए नजरिए को बनाने में भारत के साथ बड़े पैमाने पर सक्रिय रूप से सहयोग करता है.

इससे पूर्व रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव ने मानेकशॉ सेंटर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में ट्राई-सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज नई दिल्ली के पालम में एयर फ़ोर्स स्टेशन पर रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव का स्वागत किया. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी मौजूद थे.

## सीएम डॉ मोहन यादव ने खुले जंगल में छोड़े तीन चीते, अब संख्या 29 हुई

### अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर वीरा और उसके दो शावकों को किया रिलीज



**श्योपुर:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क पहुंचकर तीन चीतों को खुले जंगल ने रिलीज किया. उन्होंने मादा चीता वीरा सहित उनके 9 माह के दो शावकों को जंगल में विचरण हेतु छोड़ा.श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में आयोजित चीता रिलीज कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन, श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, वन विभाग के राज्य मंत्री नागर सिंह चौहान, पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरिया, उपाध्याय राज्य मंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, अपर मुख्य सचिव वन विभाग अशोक वर्णवाल, कमिश्नर सुरेश कुमार, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय,बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सुजीत गर्ग, सीसीएफ उत्तम कुमार, डीएफओ कूनो आर थिरुकुराल, सामान्य केएस रंधा आदि अधिकारी मौजूद रहे. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कूनो नेशनल पार्क के पारोंद क्षेत्र में बनाए गए चीता रिलीज प्वाइंट से तीन चीतों को खुले जंगल में छोड़ा गया, इसके साथ ही अब खुले जंगल में चीतों की संख्या 19 हो गई है.

## फरीदाबाद में आतंकियों की खरीद से जुड़ी दो केमिकल दुकानों को सील किया

**फरीदाबाद:** जिले के एनआईटी नेहरू ग्राउंड क्षेत्र में आतंकियों डॉक्टर मुजम्मिल और डॉक्टर शाहीन शहीद द्वारा विस्फोट में उपयोग किए गए हाइड्रोजन (एसीटोन) के संदर्भ में दो केमिकल दुकानों को सील कर दिया गया. गुरुवार को इस कार्रवाई में एसडीएम बड़खल त्रिलोकचंद और कोतवाली के एसएचओ श्रीभगवान भी मौजूद रहे.

मिली जानकारी के अनुसार, एनआईए की जांच में पाया गया कि आतंकियों ने बीआर साइंटिफिक एंड कैमिकल्स सहित दूसरी दुकान से विस्फोट में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थ खरीदे थे. इससे पहले भी जांच एजेंसी ने इन दुकानों पर छापेमारी कर केमिकल की बिक्री और स्टॉक रिकार्ड की जांच की थी. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीआर साइंटिफिक एंड कैमिकल्स के मालिक लाल बाबू विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अस्पतालों की लैब में केमिकल सप्लाई करते थे. एनआईए के पास जानकारी थी कि आतंकियों ने यहीं से केमिकल खरीदा, लेकिन दुकानदार ने उनसे संबंध होने से इंकार कर दिया. इसके बाद एजेंसी ने दुकानों से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए. एसडीएम बड़खल की अगुआई में एक लोकल कमेटी का गठन किया गया, जिसमें एसएचओ कोतवाली, ड्रग कंट्रोलर टीम, फूड सप्लाई सेफ्टी टीम और क्राइम ब्रांच शामिल रहे.

अधिकारियों ने बताया कि दुकानदारों के पास केमिकल बेचने का वैध लाइसेंस नहीं था, इसलिए दुकानों को सील किया गया. फरीदाबाद पुलिस और जांच एजेंसी की यह कार्रवाई आतंकियों की आपराधिक गतिविधियों की तह तक पहुंचने और भविष्य में ऐसे घातक प्रयासों का रोकने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है.

## बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का निधन, ओम बिरला समेत कई नेताओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली:** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति व वरिष्ठ अधिवक्ता स्वराज कौशल का गुरुवार को 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वह मिजोरम के राज्यपाल एवं राज्यसभा सांसद के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुके थे. आज शाम उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा. उनके निधन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री समेत तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया. भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अपने दिवंगत पिता को याद करते हुए कहा कि पापा स्वराज कौशल, आपका स्नेह, आपका अनुशासन, आपकी सरलता, आपका राष्ट्रप्रेम और आपका अपार धैर्य मेरे जीवन की वह रोशनी हैं जो कभी मंद नहीं होगी. अपने भावुक संदेश में उन्होंने लिखा कि उनका जाना जीवन की सबसे गहरी पीड़ा है, लेकिन विश्वास है कि वे अब सुषमा स्वराज के साथ ईश्वर के सान्निध्य में हैं.

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वराज कौशल को न्याय, लोकतंत्र और राष्ट्रसेवा का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका सरल और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा.केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने उन्हें बुद्धिमान, गर्मजोशी से भरे और सार्वजनिक जीवन को समर्पित व्यक्तित्व बताया. उन्होंने कहा कि स्वराज कौशल का निधन एक बड़ी



क्षति है.मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने कहा कि स्वराज कौशल के निधन की खबर अत्यंत दुखद है और उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को धैर्य देने की प्रार्थना की.केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वराज कौशल को स्नेहिल, शांत और विद्वतापूर्ण व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि जनसेवा और न्यायप्रियता में उनका योगदान अनुकरणीय है. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वराज कौशल का सार्वजनिक जीवन और विधि क्षेत्र में योगदान हमेशा याद किया जाएगा. उन्होंने बांसुरी स्वराज और परिवार के प्रति संवेदना जताई. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि स्वराज कौशल ने अभूतपूर्व निष्ठा से राष्ट्र सेवा की और कानूनी क्षेत्र में उनके योगदान ने समाज और न्याय व्यवस्था को मजबूती दी. उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं.

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि स्वराज कौशल ने अद्वितीय निष्ठा से राष्ट्र और समाज की सेवा की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की.

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई, 1952 को जन्में स्वराज कौशल को साल 1990 में मात्र 37 वर्ष की आयु में मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया था, जिससे वे देश के इतिहास में सबसे कम उम्र के राज्यपाल बने.

# भाजपा व चुनाव आयोग की मिलीभगत को किया जाएगा उजागर: हुड्डा

**-केंद्र और राज्यों की सत्ता हथियाकर लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है भाजपा: हरिप्रसाद**

**-दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली महारैली को लेकर ली बैठक**

**गुरुग्राम:** अखिल भारतीय कांग्रेस की दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर गुरुवार को यहां बादशाहपुर स्थित वाटिका चौक के निकट कांग्रेस जिला ग्रामीण कार्यालय में बैठक आयोजित की गई. बैठक में हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सह-प्रभारी जितेंद्र भगेल, कार्यकारी अध्यक्षजितेंद्र भारद्वाज शामिल रहे.

बैठक में जहां महारैली की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई, वहीं गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी-दादरी के सभी विधायक, पूर्व विधायक, सांसद प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रमुख नेताओं ने महारैली को सफल बनाने का संकल्प लिया. कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई. बैठक में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर व ग्रामीण जिला अध्यक्ष वर्धन यादव ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया. अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह




हुड्डा ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा, कर्नाटक की वोट चोरी को देश के सामने लाकर भाजपा और चुनाव आयोग की सांठगांठ को उजागर किया. भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित हर जगह वोट चोरी के खिलाफ उठी आवाज को दबाने की कोशिश की है, लेकिन हम रुकने वाले नहीं है. उन्होंने कहा कि 14 दिसंबर की रामलीला मैदान में तैयारियां शुरु कर दी है. महारैली में कांग्रेस कार्यकर्ता हरियाणा से कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता रामलीला मैदान में पहुंचेगा. उन्होंने जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों को वोट चोरी के खिलाफ जन जागरुकता अभियान को तेज करने और वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को सफल बनाने का आव्हान किया.

हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक बनाने के लिए हमें 14 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचना है. भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए दिल्ली से देश भर की जनता को एक संदेश पहुंचाना है. ₹

बताना है कि संवैधानिक व्यवस्था में आपके वोट के अधिकार की चोरी करके भाजपा केंद्र और राज्यों की सत्ता हथियाकर लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है.

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की वोट चोरी करके सत्ता हासिल करने की साजिश लगातार जारी है. बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर बड़ा खेल किया. भाजपा सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर रही है. जनता के अधिकारों को दबा दिया है. उन्होंने कहा कि यह महारैली ऐतिहासिक होगी. इसमें देश का हर नागरिक, कांग्रेसी अपनी अहम भूमिका निभाकर भाजपा सरकार व चुनाव आयोग की साठगांठ को उजागर करेगा. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में 14 दिसम्बर को रामलीला मैदान पहुंचे, ताकि कांग्रेस को मजबूत किया जा सके.

## देहरादून-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग सुधार के लिए 720 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई: गडकरी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को बताया कि उत्तराखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग-7 और राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के अधूरे कार्य को पूरा करने और सुधार के लिए 720.67 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है. गडकरी ने राज्य सभा में सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा पूछे गए प्रश्न के जबाव में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के देहरादून-लाल टप्पर-नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के नेपाली फार्म-मोतीचूर खंड के सुधार के लिए कार्य आवंटित कर दिया गया है. इसके लिए 18 नवंबर को संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं. इस पूरे काम के लिए 720.67 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है. केंद्र द्वारा इस परियोजना को पूरा करने के लिए ढाई साल का समय तय किया गया है.उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के पूर्ण होने से देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच यात्रियों का सफर न केवल तेज बल्कि सुरक्षित और सुगम भी हो जाएगा.



## सुडोकू-13

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | 8 | | | 5 | |
| 8 | | | | | 7 | | | |
| 4 | | 7 | 1 | | | 6 | 8 | 2 |
| | | | | | 8 | 2 | 3 | 6 |
| | | | 9 | | 1 | | | |
| 5 | 4 | 2 | 7 | | | | | |
| 9 | 3 | 6 | | | 5 | 4 | | 7 |
| | | | 2 | | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 5 |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू -12 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 9 | 4 | 8 | 5 | 1 | 2 | 3 | 7 | 6 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 29

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 |
| | | 6 | | | | | | |
| 7 | 8 | | | | | 9 | | |
| 10 | | | 11 | | 12 | | | |
| | | | | | | | 13 | |
| 14 | | 15 | | 16 | | | | 17 |
| 18 | | | | | | | 19 | |
| | | | | 20 | | 21 | | |
| 22 | | | | | | 23 | | |

● **बाएं से दाएं**

1. अप्रसिद्ध, बिना नाम का, 3. बैठा हुआ, उपस्थित, प्रकाशमान, 6. लवण, 7. सांप, 9. ले जानेवाला, बोझ खींचनेवाला, 10. नाम कटवाना, बदनामी करवाना, 15. ढुंढवाना, खोज करवाना, 18. भंवरा, उद्धव, 19. नस, 20. धुंआ जमने का रंग, स्याही, 22. चन्द्रमा, 23. जोश, गुस्सा, उद्वेग.

● **उपर से नीचे**

1. ग्रहण करना, शरण में लेना, 2. चित, विचार, 3. भीषण, भयानक, 4. लगवाना, जड़ाई करवाना, 5. बेंत जैसा पौधा, जिसमें कलम व मुड़े बनते हैं, 8. पौधे लगाने का पात्र, 11. रमा, लक्ष्मी, 12. बजानेवाला, 13. असभ्य, मूर्ख, 14. निर्मल, शक्तिहीन, 15. पतिव्रता, तपस्या करनेवाली, 16. तीर बनाने वाला कारीगर, 17. रहनेवाला, निवासी, 21. चिट्ठी, पत्र.

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | च | ला | ऊ | ■ | वा | द | न |
| म | ■ | ■ | ल | ■ | वि | दा | ■ | ख |
| आ | ग | म | न | ■ | रं | ■ | क | क्ष |
| ना | ■ | हि | ■ | अं | ज | ■ | ल | त |
| ■ | स | मा | सो | ध | न | गृ | ह | ■ |
| का | रा | ■ | ध | ड | ■ | ही | ■ | म |
| म | हा | ■ | प | ■ | वि | त | रि | त |
| चो | ■ | त | त्र | ■ | प | ■ | ■ | वा |
| र | सि | क | ■ | अ | क्ष | र | मा | ला |

# भाजपा ने ममता पर लगाया दोहरा रवैया अपनाने का आरोप, उठाए कई सवाल

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व राज्य अध्यक्ष व पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राहुल सिन्हा ने गुरुवार को सॉल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीर टिप्पणी की. सिन्हा ने बताया कि कल से विधानसभा चुनावों की औपचारिक तैयारी प्रारम्भ हो जाएगी. संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के तहत पांच-छह बूथ मिलाकर शक्ति केंद्र तैयार किए जा रहे हैं. 15 जनवरी तक राज्य के सभी 13 हजार शक्ति केंद्रों में भाजपा की सभाएं आयोजित की जाएंगी. उन्होंने कहा कि कल से ही एक हजार 300 शक्ति केंद्रों में शाम पांच से सात बजे तक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे. इसके बाद हर विधानसभा क्षेत्र में राज्य व केंद्रीय नेतृत्व की उपस्थिति में बड़े जनसमूहों को संबोधित किया जाएगा. उन्होंने यह भी पुष्टि की कि प्रधानमंत्री सात विशाल जनसभाओं में उपस्थित रहेंगे, जिसके बाद गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और अन्य केंद्रीय नेता राज्य का दौरा करेंगे. राहुल सिन्हा ने मुर्शिदाबाद की मुख्यमंत्री की सभा में हुमायूं कबीर को



अचानक निलंबित किए जाने पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि यदि उसे निलंबित ही करना था तो फिर सरकारी आमंत्रण क्यों भेजा गया? उन्होंने आरोप लगाया कि कबीर द्वारा किए गए साम्प्रदायिक कृत्य तृणमूल कांग्रेस के निर्देश पर हुए ताकि राज्य में हिंदू-मुस्लिम तनाव का माहौल बनाया जा सके. उन्होंने कहा कि भाजपा पहले से आशंकित थी कि एसआईआर में घिरने के बाद तृणमूल साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की रणनीति अपनाएगी. सिन्हा ने कहा कि तृणमूल सरकार पर जब यह स्पष्ट हो गया कि साम्प्रदायिक खेल उनके ही सिर चढ़ रहा है, तब जाकर कबीर को बलि का बकरा बनाया गया. मुख्यमंत्री के बयान कि वे धर्म की राजनीति नहीं करते, पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हिजाब, बुरखा और नमाज़ को राजनीति में उपयोग करने वाली मुख्यमंत्री किस तरह दावा कर सकती हैं कि वे धर्म को राजनीति से अलग रखती हैं? सिन्हा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने हिजाब पहनकर दुर्गा पूजा पंडाल उद्घाटन, सड़कों पर नमाज़ अदा करने वाली अपनी तस्वीरें प्रचारित कर धार्मिक भावनाओं का राजनीतिक दोहन किया है. अब जब हिंदू समाज का बड़ा वर्ग उनसे दूर हुआ है तो वे अल्लाह को छोड़कर मां दुर्गा की ओर लौट आई हैं-इसी कारण क्लबों को दुर्गा पूजा अनुदान, जगन्नाथ व महाकाल मंदिरों के निर्माण जैसे कदम उठाए जा रहे हैं. सिन्हा ने आरोप लगाया कि पहले रामनवमी मनाने पर भाजपा समर्थकों को गिरफ्तार किया गया, हनुमान जयंती पर लाठीचार्ज हुआ. अब वही मुख्यमंत्री अपने कार्यकर्ताओं से इन त्योहारों को मनाने की अपील कर रही हैं- यह अवसरवादी राजनीति का उदाहरण है. उन्होंने राज्य की जनता, हिंदू तथा मुस्लिम दोनों का धन्यवाद किया कि उन्होंने विभाजन की इस राजनीति को स्वीकार नहीं किया. सिन्हा ने कहा कि यदि बांग्लादेश से कोई धार्मिक अल्पसंख्यक भारत आता है तो उसे नागरिकता दी जाएगी, और भारत के हिंदू-मुस्लिम समान अधिकारों के साथ रहेंगे. लेकिन बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठिए और रोहिंग्या कानून अनुसार डिटेंशन कैंप भेजे जाएंगे.



वीतराग फेब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, पाली मारवाड़ के संस्थापक प्रख्यात उद्योगपति पुखराज लसोड़ को केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्कृष्ट व्यवसायिक योगदान और समाज सेवा के लिए इंडिया प्राइड अर्वाड से सम्मानित करने के उपलक्ष्य में सनत जैन कलकत्ता ने बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाए दी.

## एसआईआर ड्यूटी पर तैनात बीएलओ पर दबाव कम करने के लिए और कर्मचारी मुहैया कराने का निर्देश

**नयी दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूचियों के समयबद्ध विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जुटे बूथ स्तरीय अधिकारियों पर कामकाज का अत्यंत दबाव होने के आरोपों से जुड़ी याचिका पर गौर करते हुए गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को और अधिक कर्मचारियों को तैनात करने का निर्देश दिया है ताकि बीएलओ के कामकाज के घंटो में कमी लाई जा सके. शीर्ष अदालत अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि समयबद्ध तरीके से ड्यूटी न निभाने के लिए बीएलओ के खिलाफ प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए. प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने टीवीके की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन की दलीलों पर गौर किया कि कुछ निर्देश जारी किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि चुनाव आयोग के अधिकारियों की ओर से दबाव डाले जाने के कारण कई बीएलओ की मौत हो चुकी है.

### बिहार के बाद बंगाल की बारी!

## पीएम मोदी की ममता दीदी के गढ़ में होगी बड़ी रैली

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को बंगाल दौरे पर आ सकते हैं. इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान वह नदिया जिले में एक बड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे. सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी भाजपा बंगाल नेतृत्व के साथ भी बैठक करेंगे, जहां संगठनात्मक तैयारियों, रणनीति, प्रमुख मुद्दों और चुनाव अभियान की समग्र दिशा पर विस्तृत चर्चा होगी. भाजपा पूरे राज्य में व्यापक प्रचार अभियान की तैयारी कर रही है और अगले साल जनवरी में 4 से 6 परिवर्तन यात्राएँ शुरू करने की योजना बना रही है. इन यात्राओं का उद्देश्य ज़िलों में



जन-भागीदारी बढ़ाना, संगठन को मज़बूत करना और तृणमूल सरकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करना है. प्रधानमंत्री के भी एक प्रमुख परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने की संभावना है, जिससे राजनीतिक माहौल और गरमा सकता है. इसके साथ ही, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनवरी से पश्चिम बंगाल में डेरा डालने की तैयारी कर रहे हैं. शाह बूथ स्तर पर ज़मीनी हालात का जायज़ा लेंगे, संगठनात्मक मज़बूती पर ध्यान केंद्रित करेंगे और पार्टी की नीतियों और चुनावी रणनीति को गति देंगे. उनके इस लंबे प्रवास से राज्य चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों को और तेज़ करने की उम्मीद है. आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा बिगड़ती कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, सीमा पार से घुसपैठ और शासन से संबंधित अन्य स्थानीय चिंताओं जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है. पार्टी का मानना है कि बंगाल में बदलते राजनीतिक परिदृश्य और बढ़ते जन असंतोष को देखते हुए, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दौरों के साथ-साथ परिवर्तन यात्राएं उसकी चुनावी रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक बनेंगी.

## कोलकाता में नवप्रवेशी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, साक्षात्कार पैनल में शामिल करने की मांग

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित हालिया परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले लगभग 500 नवप्रवेशी अभ्यर्थियों ने गुरुवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया. अभ्यर्थियों का आरोप है कि योग्यता के आधार पर पात्र होने के बावजूद उनका नाम साक्षात्कार सूची में शामिल नहीं किया गया. 'नवप्रवेशी एसएससी अभ्यर्थी मंच' के सदस्य कॉलेज स्क्वायर से विधानसभा की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उन्हें सुभाष मलिक स्क्वायर पर रोक दिया. अभ्यर्थियों ने घोषणा की कि मांग पूरी होने तक वे सड़क नहीं छोड़ेंगे. पुराने अभ्यर्थियों को अनुग्रह अंक देने पर आपत्ति प्रदर्शनकारी प्रबुद्ध मायती ने कहा कि पुराने एसएससी अभ्यर्थियों को दस अनुग्रह अंक देने का कोई औचित्य नहीं है. उन्होंने कहा, 2016 की राज्य स्तरीय चयन परीक्षा के आधार पर नियुक्त शिक्षक 2025 की परीक्षा में शामिल हुए-इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं, परंतु उन्हें अनुग्रह अंक क्यों दिए जाएं? उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अप्रैल में वर्ष 2016 की चयन परीक्षा के आधार पर नियुक्त लगभग 26,000 शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द कर दी थी और 31 दिसंबर तक नई भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था. पिछले सप्ताह विद्यालय सेवा आयोग ने कक्षा 11-12 के लिए 12,500 रिक्त सहायक शिक्षक पदों हेतु साक्षात्कार सूची प्रकाशित की थी. मंच की ओर से बताया गया कि आगे की रणनीति को लेकर विधि विशेषज्ञों से परामर्श कर रहे हैं.

### वर्षों पहले बिछड़े लोगों को मिलाने में भी मदद कर रही एसआईआर

## वृद्ध माता-पिता को 26 साल पहले घर से भागे बेटे का पता चला

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया वर्षों पहले बिछड़े लोगों को मिलाने में भी मदद कर रही है. इसकी बदौलत अब एक वृद्ध माता-पिता को 26 साल पहले घर से भागे बेटे का पता चला है. मामला कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के हबरा इलाके का है. पुत्र तरुण दत्त व्यवसाय में नुकसान के बाद लेनदारों के डर से 26 साल पहले पिता प्रशांत दत्त व मां सांत्वना दत्त को छोड़कर भाग गया था. वृद्ध दंपती को विश्वास था कि एसआईआर के तहत नई मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने उनका बेटा जरूर सामने आएगा. इसलिए वे लगातार अपने इलाके के बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के संपर्क में थे. आखिरकार उन्हें वह सुसंवाद मिला, जिसकी उन्हें वर्षों से प्रतीक्षा थी. बीएलओ ने दंपती को बताया कि उनके बेटे के गणना प्रपत्र के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में जमा पड़ने की खबर मिली है. इसके बाद वृद्ध माता-पिता ने बीएलओ की मदद से पश्चिम मेदिनीपुर के



संबंधित बीएलओ से संपर्क किया और उनके जरिए पुत्र से उनकी फोन पर बातचीत हुई. तरुण ने माता-पिता को बताया कि लेनदारों की धमकियों से वह काफी डर गया था, इसलिए घर छोड़कर भाग गया. वह पश्चिम मेदिनीपुर आकर बस गया. यहां उसने शादी कर ली. उसकी एक बेटी है, जो कॉलेज में पढ़ती है. पिता ने उसे बताया कि उन्होंने अपनी जमीन बेचकर उसका कर्ज चुका दिया है. अब उसे डरने की जरुरत नहीं है. वह अपने घर आ जाए. मालूम हो कि बंगाल में एसआईआर के फलस्वरूप बिछड़ों के पुनर्मिलन की यह तीसरी घटना है. इससे पहले पुरुलिया जिले में विवेक चक्रवर्ती नामक व्यक्ति, जो 1988 में घर छोड़कर चला गया था, उसका पता एसआईआर की प्रक्रिया से उसके भतीजे को लगा था. वहीं उत्तर 24 परगना जिले के बागदा में जगबंधु मंडल नामक व्यक्ति 1997 में काम की तलाश में घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा था. परिवार ने मृत मानकर उसका श्राद्ध भी कर दिया था. वह एसआईआर के कारण घर लौट आया था क्योंकि नई मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को उसे दस्तावेजों की जरूरत थी.

## डुप्लीकेट वोटरों की पहचान के लिए तकनीकी मदद ले रहा है आयोग

**कोलकाताः** चुनाव आयोग पहली बार बंगाल में डुप्लिकेट मतदाताओं की पहचान के लिए तकनीकी मदद ले रहा है. गुरुवार को एक नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया. यह सॉफ्टवेयर नाम, पता आदि जैसी व्यक्तिगत जानकारी को मिलाकर संभावित डुप्लिकेट मतदाताओं का तुरंत पता लगा लेगा. आयोग सूत्रों के अनुसार, यह सॉफ्टवेयर ईआरओ सिस्टम में पहले ही जोड़ दिया गया है. कुछ ही दिनों में जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) इस नए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर सकेंगे. राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय भी इससे अछूता नहीं रहेगा. आयोग का दावा है कि जनसांख्यिकीय समान प्रविष्टियाँ इस राज्य की मतदाता सूची को पारदर्शी और सटीक बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएँगी. क्योंकि, इससे यह पता लगाना आसान हो जाएगा कि एक ही व्यक्ति का नाम एक से ज़्यादा जगहों पर तो नहीं है या जानकारी का दुरुपयोग तो नहीं हुआ है.

## धारदार ब्लेड से व्यक्ति की हत्या, जांच जारी

**कोलकाता :** मुचिपारा थाना क्षेत्र के शशिभूषण डे स्ट्रीट में एक व्यक्ति की धारदार ब्लेड से हत्या कर दी गई! शव उसके घर से बरामद हुआ. पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक कुमार दास (48) के रूप में हुई है. शुरुआती आशंका है कि 2 दिसंबर की रात 9 बजे से 11:55 बजे के बीच अपने ही घर में किसी धारदार हथियार से वार करके उसकी हत्या की गई. जांचकर्ताओं ने बताया कि उसकी धारदार ब्लेड से बेरहमी से हत्या की गई थी. हालाँकि इस घटना में परिवार या उनके किसी जानने वाले ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है, फिर भी पुलिस ने घटना की गंभीरता और गंभीरता को देखते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है. घटना वाली रात हुए हमले की सही वजह या इस घटना में कौन शामिल था, इस बारे में अभी भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है. इस घटना पर कोलकाता पुलिस की डीसी (मध्य) इंदिरा मुखर्जी ने कहा, हम पूरी घटना की जाँच कर रहे हैं. सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है. पुलिस अभी तक इस घटना में किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है. हालाँकि, घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण वस्तुएँ बरामद हुई हैं, जो जाँच में मददगार साबित हो सकती हैं. बताया जा रहा है कि फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जाँच की है. शहर के बीचों-बीच हुई इस तरह की हत्या की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है.




## कोलकाता और दुर्गापुर एयरपोर्ट से कई उड़ानें रद्द, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**कोलकाताः** पिछले तीन दिनों से लगातार उड़ान सेवाओं में गड़बड़ी के कारण यात्रियों की परेशानी तेजी से बढ़ रही है. सर्दियों के मौसम में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है, लेकिन इसी बीच निजी उड़ान सेवा कंपनी की कई उड़ानें रद्द होने से कोलकाता और दुर्गापुर, दोनों ही एयरपोर्ट पर लोग भारी संकट में पड़ गए हैं. गुरुवार की सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर सुबह छह बजे से 10 बजे के बीच कुल 11 उड़ानें रद्द कर दी गईं. इसके अलावा आने-जाने वाली 10-10 उड़ानें देर से संचालित हुईं, जिससे यात्रियों की लंबी कतारें और नाराज़गी बढ़ती रही. दूसरी ओर, दुर्गापुर के काजी नजरूल इस्लाम एयरपोर्ट पर बुधवार को मुंबई जाने वाली उड़ान नहीं उड़ी और गुरुवार को चेन्नई जाने वाली उड़ान रद्द कर दी गई. एयरपोर्ट प्रशासन का दावा है कि बाकी रूटों की उड़ानें चल रही हैं, लेकिन समय से देर हो रही हैं. एयरपोर्ट के निदेशक कैलाश मंडल ने बताया कि बुधवार को मुंबई की उड़ान रद्द हुई थी और आज चेन्नई की उड़ान रद्द की गई है. बाकी सेवाएं चालू हैं, लेकिन समय से कुछ देर हो रही हैं. हालांकि उन्होंने निजी उड़ान कंपनी पर कोई टिप्पणी नहीं की और इसके पीछे सर्दियों के मौसम को कारण बताया. रद्द उड़ानों के कारण यात्रियों में भारी नाराज़गी है. दुर्गापुर एयरपोर्ट पर मौजूद असीम नंदी नाम के एक यात्री ने बताया कि उन्हें उपचार के लिए चेन्नई जाना था, लेकिन सुबह पता चला कि उड़ान रद्द हो गई है. अब यात्रा कैसे होगी, यह बड़ी चिंता का विषय है.




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा-प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट- सलप, थाना-डोमजूर, जिला-हावड़ा-711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता-700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई-मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन